इंदौर, गुरुवार 26 मार्च 2026
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 127
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2
dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650



राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...

पेट्रोल की कमी नहीं है, फिर भी लगी रही लाइनें



पेज-2

गाफ मियामी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची



पेज-5

20 दिन में 23 हजार रुपए टूटा सोना



पेज-6

# सत्ता में वापसी के लिए अभी से ही जुटा कांग्रेस संगठन

## जिला अध्यक्षों पर मानिटर्रिंग के लिए तैयार रणनीति

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**भोपाल** ● मप्र की सत्ता में वापसी के लिए कांग्रेस अभी से रणनीतिक मोर्चे पर काम करने में जुट गई है। इसके लिए पार्टी में सक्रिय नेताओं को बड़ी-बड़ी जिम्मेदारी दी जा रही है। इसी कड़ी में कांग्रेस ने संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनाव की तैयारी के तहत जिला अध्यक्षों के कामकाज की परफॉर्मेंस रिपोर्ट तैयार करने का निर्णय लिया है। नियुक्त किए गए जिला अध्यक्षों को 6 महीने का प्रदर्शन काल दिया गया है। प्रदर्शन के आधार पर खराब रिपोर्ट वाले अध्यक्षों को हटाया भी जा सकता है और नए चेहरों को अवसर मिल सकता है।

गौरतलब है कि संगठन सूजन अभियान के तहत मप्र कांग्रेस के जिला अध्यक्षों की नियुक्ति हुए सात महीने हो गए। जिलाध्यक्षों को केंद्रीय नेतृत्व के दिशानिर्देशों, संगठन सृजन, स्थानीय मुद्दों को उठाने और भाजपा के खिलाफ आक्रामकता के आधार पर परखा जा रहा है। कांग्रेस 2028 की तैयारियों के लिए इस बार अलग रणनीति अपना रही है, जिसमें कमजोर प्रदर्शन करने वाले जिलाध्यक्षों पर गाज गिरना तय माना जा रहा है। कांग्रेस के सूत्रों का कहना है कि पार्टी जिला अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद से ही उनके कामकाज का मूल्यांकन कर रही है। मूल्यांकन का आधार संगठन का गठन और पार्टी की ओर से दिए जा रहे कार्यक्रमों का क्रियान्वयन है। हाल में पार्टी ने गुजरात में जिला अध्यक्षों के कामकाज का मूल्यांकन किया था। अच्छा कार्य नहीं करने वाले 3 जिला अध्यक्षों को पद से हटा दिया गया है।



### 58 जिलों में कार्यकारिणी का गठन नहीं

संगठन सृजन अभियान कांग्रेस द्वारा संचालित एक व्यापक संगठनात्मक पुनर्गठन कार्यक्रम है, जिसका लक्ष्य पार्टी को बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक सशक्त बनाना है। चल्ला वामशी चंद रेड्डी भोपाल में संगठन सृजन अभियान के की भी समीक्षा करेंगे। इस अभियान के तहत मध्यप्रदेश कांगेस कमेटी संगठन के गठन में पिछड़ गई है। मध्यप्रदेश कांग्रेस की ओर से अब तक सिर्फ 13 जिलों की कार्यकारिणी घोषित की गई है। इस तरह अभी 58 जिला कार्यकारिणी के गठन की घोषणा होना शेष है। दरअसल, कांग्रेस ने जनवरी के आखिर में कुछ जिलों की कार्यकारिणी घोषित की थी, लेकिन जिला कार्यकारिणी का आकार बहुत बड़ा होने के कारण पार्टी ने तय किया था कि बड़े जिलों की कार्यकारिणी में अधिकतम 51 और छोटे जिलों में अधिकतम 31 सदस्य होंगे। पार्टी की नई गाइडलाइन के अनुसार सभी जिलों की कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया।

### अगले महीने होगी कामकाज की समीक्षा

कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी चल्ला वामशीचंद रेड्डी अप्रैल के पहले सप्ताह में भोपाल के दौरे पर आएंगे। वे प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में बैठक कर जिला अध्यक्षों के कामकाज का मूल्यांकन करेंगे। बैठक में संगठन सृजन अभियान के प्रभारी रेड्डी जिला अध्यक्षों का रिपोर्ट कार्ड भी उनके सामने रखेंगे। नॉन परफॉर्मर जिला अध्यक्षों की पदों से छुट्टी हो सकती है। बैठक में प्रदेश प्रभारी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी और जिला अध्यक्ष मौजूद रहेंगे। कांग्रेस ने गत 16 अगस्त को सभी 71 जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की थी। भोपाल समेत कई जिला अध्यक्षों की नियुक्ति का स्थानीय नेताओं ने विरोध भी किया था। नियुक्ति के कुछ दिन बाद नवनियुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित किया गया था।



# सीएम मोहन यादव के जन्मदिन पर नगराध्यक्ष मिश्रा, प्रभारी रावत की चतुराई ने सबको चौंकाया

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● सीएम मोहन यादव अपने जन्मदिन पर काफी व्यस्त रहे। वह दिन में सागर थे, इसके बाद उन्हें उज्जैन जाना था। इसके लिए वह प्लेन से शाम को इंदौर एयरपोर्ट पहुंचे। जन्मदिन का मौका था तो इंदौर के कई नेता स्वागत करना चाहते थे। कई नेता एयरपोर्ट पहुंच गए। लेकिन सीएम बाहर ही नहीं आए। लेकिन बीजेपी नगराध्यक्ष सुमित मिश्रा और संभागीय प्रभारी रणवीर सिंह रावत इसी दौरान हवाई पट्टी पर गुलदस्ता देने पहुंच गए और सीएम का स्वागत किया। इस दौरान एयरपोर्ट के बाहर मंत्री तुलसीराम सिलावट, विधायक गोलू शुक्ला, जिलाध्यक्ष श्रवण चावड़ा भी पहुंचे थे। वह भी गुलदस्ते के साथ। लेकिन सीएम बाहर ही नहीं आए और यह अपना गुलदस्ता लिए लौट गए।

### सीएम सीधे उज्जैन जाने वाले थे

जानकारी के अनुसार सीएम को हेलिकॉप्टर से उज्जैन जाना था। क्योंकि सीएम के शहर में आने पर सारे कार्यक्रम की जानकारी औपचारिक तौर पर नगराध्यक्ष के पास जाती है तो मिश्रा को इसकी जानकारी थी। वहीं, रावत संभागीय प्रभारी हैं तो उन्हें भी जानकारी थी कि सीएम बाहर नहीं आएंगे और हवाई पट्टी से ही प्लेन से हेलिकॉप्टर में बैठकर उज्जैन निकलेंगे। इस पर मिश्रा और रावत उनके आने के समय पर पहले ही अधिकारियों के साथ हवाई पट्टी पर पहुंच गए और सीएम का स्वागत कर मजमा लूट लिया।

## न्यूज ब्रीफ

- कोटक महिंद्रा बैंक केस में बड़ी गिरफ्तारी, रिलेशनशिप मैनेजर दिलीप गिरफ्तार, FD घोटाले में साजिश का आरोप
- फ्रांस दौरे पर जाएंगे एस. जयशंकर, G7 विदेश मंत्रियों की बैठक में लेंगे हिस्सा, 26-27 मार्च को अहम बैठक
- दिल्ली : सोनिया गांधी से मिलने गंगाराम अस्पताल पहुंचे राहुल गांधी
- आंध्र प्रदेश के मार्कापुरम में बस हुई हादसे की शिकार, मौत का आंकड़ा बढ़कर 14 पहुंचा
- ईरान के इस्फहान में तड़के भारी हमले, तेहरान से 330 किमी दूर शहर में गूंजे धमाके
- 'होर्मुज को हथियार बनाना आर्थिक आतंकवाद', UAE ने ईरान को दी कड़ी चेतावनी
- अमेरिका में महंगाई की मार, USPS ने बढ़ती फ्यूल लागत के चलते पार्सल पर 8% अतिरिक्त शुल्क लगाया
- पाकिस्तान में भूकंप के तेज झटके, रिक्टर स्केल पर 4.6 मापी गई तीव्रता
- एक महीने में दूसरी बार, नेपाल में पेट्रोल-डीजल 15 रुपये महंगा

# प्रदेश के 413 नगरीय निकायों में एल्डरमैनों की पहले होगी नियुक्ति

## 1800 से ज्यादा की लिस्ट फाइनल

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर/भोपाल** ● मध्य प्रदेश के 413 नगरीय निकायों में पहले एल्डरमैनों के नॉमिनेशन की प्रक्रिया पूरी हो गई। आज या कल में नियुक्ति आदेश जारी करने की तैयारी है। तय किया गया है कि पहले नियुक्त आदेश जारी होंगे और इसके बाद पुलिस वेरिफिकेशन की जाएगी। इसके लिए कार्योत्तर अनुमोदन बाद में ले लिया जाएगा। राज्य सरकार ने एल्डरमैन (मनोनीत पार्षद) के 1800 से अधिक नामों की फाइनल सूची पर मुहर लगा दी है। इनमें ऐसे नेताओं को प्राथमिकता दी गई है जो नगरीय निकायों में प्रशासनिक और नगर पालिका व नगर पालिका अधिनियम के जानकार हैं। पार्टी संगठन ने विधायकों से नाम मांगे थे।

सूत्रों के अनुसार भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर जैसे बड़े नगर निगमों में आठ से दस एल्डरमैन नियुक्त किए जाएंगे। जबकि नगर पालिकाओं में छह-छह और नगर परिषदों में चार-चार एल्डरमैन नियुक्त किए जाएंगे। इस तरह 16 नगर निगमों, 99 नगर पालिकाओं और 298 नगर परिषदों में 1800 से अधिक एल्डरमैनों की नियुक्ति का फार्मूला तय किया गया है। मोहन सरकार बनने के बाद से ही भाजपा कार्यकर्ताओं को इसका इंतजार था। इसमें अन्य दलों से आए नेताओं को समायोजित किया जाएगा। वर्ष 2027 में नगरीय निकाय चुनाव होना है ऐसे में एल्डरमैनों को सवा डेढ़ साल का समय मिलेगा।

**मतदान का नहीं रहता है अधिकार**-प्रदेश के नगरीय निकायों में प्रशासनिक और नगर पालिका व नगर पालिका अधिनियम के जानकारों को एल्डरमैन के रूप में नियुक्त करने का प्रविधान है। एल्डरमैन परिषद की बैठकों और चर्चाओं में भाग ले सकते हैं, लेकिन उनके पास परिषद में मत का अधिकार नहीं होता है। आमतौर पर क्षेत्र के सक्रिय पार्टी कार्यकर्ताओं को एल्डरमैन नियुक्त करने के लिए संगठन की ओर से नाम प्रस्तावित किए जाते हैं। परिषद के कार्यकाल तक इनका भी कार्यकाल रहता है।

# एमजीएम की लैब को एनएबीएल मान्यता प्रदेश का पहला सरकारी संस्थान बना

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● एमजीएम मेडिकल कॉलेज ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कॉलेज की लैब को नवंबर 2025 में राष्ट्रीय परीक्षण एवं अंशांकन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड से प्रमाणन मिला है। इसके साथ ही यह मप्र का पहला सरकारी मेडिकल कॉलेज बन गया है, जिसकी लैब को यह प्रतिष्ठित मान्यता प्राप्त हुई है।

एनएबीएल प्रमाणन का मतलब है कि लैब में की जाने वाली सभी जांचें अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सटीक और विश्वसनीय हैं। इससे मरीजों को उच्च गुणवत्ता की जांच रिपोर्ट मिलती है, जो डॉक्टरों को सही निदान और बेहतर इलाज में मदद करती है। विशेषज्ञों के अनुसार, किसी सरकारी मेडिकल कॉलेज की लैब को एनएबीएल मान्यता मिलना न सिर्फ संस्थान के लिए गौरव की बात है, बल्कि पूरे राज्य के स्वास्थ्य तंत्र के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि है। मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. अरविद घनघोरिया ने कहा कि एनएबीएल मान्यता संस्थान की गुणवत्ता और उत्कृष्टता का प्रतीक है।

# 33% महिला आरक्षण के बाद प्रदेश में होंगी 114 महिला विधायक, 14 सांसद

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**भोपाल** ● एमपी में 2029 का लोकसभा चुनाव 29 नहीं बल्कि 43 सीटों पर हो सकता है। वैसे ही मप्र विधानसभा में भी सीटों की संख्या 230 से बढ़कर 345 हो सकती है। दरअसल संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने वाले 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर केंद्र सरकार एक बड़ा संशोधन लाने की तैयारी में है। पहले इस कानून को जनगणना 2027 के बाद लागू करने की तैयारी थी, लेकिन अब इसे जनगणना और परिसीमन की मौजूदा शर्त से अलग करके पहले लागू करना है। बताया जा रहा है कि यह महत्वपूर्ण बिल 29 मार्च को संसद में पेश किया जा सकता है।

यदि यह संशोधन विधेयक पारित होता है, तो मध्य प्रदेश की सियासी तस्वीर पूरी तरह से बदल जाएगी। इस बदलाव से न केवल महिला जनप्रतिनिधियों की संख्या में बढ़ोतरी होगी, बल्कि सीटों के गणित से लेकर सरकार बनाने के समीकरण और कैबिनेट के आकार तक सब कुछ बदल जाएगा। पिछले साल संविधान के 106वें संशोधन के रूप में पारित 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' लोकसभा और सभी राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% सीटें आरक्षित करने का प्रावधान करता है। इस कानून में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण न होकर, उन्हें कुल आरक्षित सीटों के भीतर ही कोटा दिया गया है।



# ईद पर अपनों से खरीदारी की अपील एआईएमआईएम नेता को पड़ी भारी, तौकीर निजामी को पार्टी ने निकाला

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**भोपाल** ● मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन यानी एआईएमआईएम ने विवादित बयान देने वाले नेता के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पार्टी के दिग्गज नेताओं में शुमार नेता तौक़ीर निजामी को पार्टी से बाहर निकाल दिया है। एआईएमआईएम एमपी के अध्यक्ष मोहसिन अली खान की ओर से ये कार्रवाई की गई है। पार्टी ने तौक़ीर के बयान को आइडियोलॉजी के खिलाफ बताते हुए उन्हें पार्टी से बाहर किया है। दरअसल, एआईएमआईएम नेता और अहले सुन्नत समिति के महासचिव पीरजादा तौक़ीर निजामी ने पिछले दिनों ईद से पहले अपने एक बयान में कहा था कि, 'भारत के मुसलमानों की स्थिति खराब है। दलितों से भी ज्यादा खराब भारतीय मुस्लिमों की स्थिति है।

**सुखद खबर** आईएसबीटी के लिए आगे आईं दो कंपनियां, बीवीजी इंडिया ने भी दिखाई रूचि

# 1 साल से संचालन की राह देख रहे टर्मिनल के लिए हुई दावेदारी

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● करीब एक साल से संचालन के लिए कंपनी का इंतजार कर रहे अंतरर्राज्यीय बस टर्मिनल (आईएसबीटी) के लिए इस बार भी दो कंपनियों ने दावेदारी की है। बुधवार को आईडीए ने टेंडर की तकनीकी बिड ओपन करके कंपनियों के नाम लिस्ट किए है। अब इनके दस्तावेजों की जांच होगी, सही पाए और शर्तों के अनुरूप होने पर फाईनेंशियल टेंडर खोल कर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। इस बार पुणे की सेवा प्रदाता कंपनी बीवीजी इंडिया और कामथीन सिक्युरिटी सर्विसेस ने टेंडर भरे हैं।

आईडीए ने बुधवार को तकनीकी बिड खोली है। जानकारी के अनुसार कंपनियों के दस्तावेजों का तकनीकी परीक्षण शुरू कर दिया है। जल्द ही फाईनेशियल प्रस्ताव भी खोले जाएंगे। बताया जा रहा है, यदि कंपनियों के टेंडर शर्तों के अनुरूप होने पर अंतिम रूप दे कर आईएसबीटी का संचालन शुरू किया जा सकता है। आईडीए ऑफिसर्स के अनुसार, संचालन के लिए आईडीए के पास दो विकल्प थे। नगर निगम को दे या एजेंसी नियुक्त कर इसे शुरू करवाए। बोर्ड ने अन्य राज्यों की तरह एजेंसी से संचालन करवाने का फैसला कर तलाश शुरू की। एक साल से अधिक समय हो गया, तीन बार टेंडर जारी किए, कंपनियों ने हिस्सेदारी भी की, लेकिन टेंडर शर्तों के अनुरूप नहीं होने से खारिज किए गए। चौथी बार जारी किए गए टेंडर की प्री बिड में 4 से 5 कंपनियों ने भाग लिया था। इसमें से दो कंपनियों के टेंडर आए है। एक पुणे की सेवा प्रदाता कंपनी बीवीजी है, जिसके पास आईएसबीटी संचालन व अन्य सेवाओं का अनुभव है। दूसरी कंपनी भी सेवा सुरक्षा के क्षेत्र से जुड़ी है। इस बस स्टैंड के संचालन के लिए परिवहन विभाग ने भी मंशा जाहिर की है, जिस पर आईडीए ने इसमें लगी राशि व जमीन के वेल्युएशन के आधार पर राशि देने की बात कही है। एयरपोर्ट की तरह बनाया, सिंहस्थ में काम आएगा मास्टर प्लान में तय एमआर-10 पर बनाए गए शहर के सबसे बड़े बस स्टैंड का निर्माण आईडीए ने 100 करोड़ रुपए की लागत से किया है। यहां से 1450 बसों का संचालन आसानी से किया जा सकेगा। एक बार में 63 बसें आवाजाही करेंगी। दो पहिया व चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग भी दी गई है। बस ऑपरेटर के लिए ऑफिस और सुविधाओं के लिए दुकानें है।



■ मेट्रो स्टेशन के साथ इंटीग्रेट एमआर-10 बने इस बस स्टैंड को मेट्रो के साथ इंटीग्रेट किया है। यहां से सीधे मेट्रो स्टेशन को कनेक्टिविटी दी गई है। बस व मेट्रो यात्री सीधे आवाजाही कर सकेंगे। एमआर-4 व आरडब्ल्यू-1 के हिस्से का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। इस सड़क के बनने से आईएसबीटी, मुख्य रेलवे स्टेशन, लक्ष्मी बाई रेलवे स्टेशन और सरवटे एक ही कॉरिडोर में आ जाएंगे। जिससे भविष्य में इसे शहर के ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर की तरह भी विकसित किया जा सकेगा। यात्री सीधे मध्य शहर से आवाजाही कर सकेंगे। यहां से एयरपोर्ट की दूरी भी कम रहेगी, मध्य शहर एबी रोड पर आवजाही भी आसान हो सकेगी।

# पेंटहाउस विवाद में पिता-पुत्र ने महिला पर चढ़ाई कार, मौत

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● इंदौर के लसूड़िया इलाके में बुधवार रात पेंटहाउस विवाद ने खौफनाक मोड़ ले लिया। गुस्से में पिता-पुत्र ने तेज रफ्तार कार बिल्डिंग के रहवासियों पर चढ़ा दी। इस दिल दहला देने वाली घटना में एक महिला इंजीनियर की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना एमआर-11 स्थित शिव वाटिका, सागर टाउनशिप के समृद्धि एन्क्लेव की है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है। हादसे में जान गंवाने वाली शंपा पाठक (पांडे) एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर थीं और इंफोसिस में कार्यरत थीं। उनके पति सौरभ भी इसी क्षेत्र से जुड़े हैं। दंपती के दो छोटे बच्चे हैं। बताया जा रहा है कि परिवार हाल ही में 13 मार्च को ही इस बिल्डिंग में रहने आया था। रहवासियों के मुताबिक, बिल्डिंग में रहने वाले कुलदीप चौधरी और उनके बेटे ने बिल्डर मुकेश बाहेती से दो पेंटहाउस खरीदे थे। यहां वे Airbnb के जरिए कमरे किराए पर दे रहे थे, जिसका सोसायटी के लोग लगातार विरोध कर रहे थे। रविवार को स्थानीय पार्षद ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने की कोशिश की थी, लेकिन विवाद शांत नहीं हुआ। बुधवार रात फिर कहासुनी हुई और मामला इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने कार से लोगों को कुचल दिया।

**पुलिस कर रही आरोपियों की तलाश**-घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**न्यूज ब्रीफ**

### सशस्त्र सेना झण्डा निधि में पटेल मोटर्स के संस्थापक द्वारा 1 लाख 51 हजार की राशि का योगदान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● पटेल मोटर्स इंदौर के संस्थापक वल्लभ भाई पटेल द्वारा सशस्त्र सेना झण्डा दिवस 2025-26 में 1 लाख 51 हजार की सहयोग राशि दान स्वरुप प्रदान की है। यह दान राशि पूर्व सैनिकों, वीरनारियों, सैनिकों की विधवाओं एवं उनके आश्रितों के कल्याण एवं पुनर्वास में राज्य सैनिक बोर्ड द्वारा उपयोग में ली जाती है। इस सराहनीय योगदान के लिए जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर नगेश चंद्र मालवीय (से.नि.) ने पूर्व सैनिको, वीर नारीओं एवं उनके आश्रित परिवारों की और से वल्लभ भाई पटेल का आभार व्यक्त करते हुए कृतज्ञता प्रकट की है। वल्लभ भाई पटेल द्वारा विगत 06 वर्षों से लगातार सशस्त्र सेना झण्डा निधि में 1 लाख से अधिक की धनराशि का योगदान दिया गया हैं, जिसके फलस्वरूप लगातार पिछले पांच वर्षों से महामहिम राज्यपाल, मध्य प्रदेश द्वारा इन्हें प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

### संकल्प से समाधान अभियान : 213 आवेदनों का मौके पर निराकरण

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत बुधवार को जनपद पंचायत सांवेर प्रांगण में ब्लॉक स्तरीय शिविर आयोजित किया गया। संकल्प से समाधान अभियान के तहत 12 जनवरी युवा दिवस से संम्पूर्ण मध्यप्रदेश में प्रथम चरण में 15 फरवरी तक ग्राम पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन हुआ तथा द्वितीय चरण में 16 फरवरी से 16 मार्च तक क्लस्टर स्तर पर एवं तृतीय चरण 16 मार्च से मार्च के अंतर्गत 25 मार्च को ब्लॉक स्तरीय शिविर जनपद पंचायत सांवेर में आयोजित किया गया । शिविर में जल संसाधन मंत्री के प्रतिनिधि भारत सिंह चौहान, एवं ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## दो दिन का स्टॉक कुछ ही घंटों में हो रहा समाप्त

# प्रशासन ने कहा-पेट्रोल की कमी नहीं है, फिर भी लगी रही लाइनें

### सुबह से ही डिपो से टैंकर पंपों तक पहुंचने लगे थे

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● पेट्रोल खत्म होने की अफवाहों के बीच मंगलवार रात की तरह बुधवार को भी सुबह से पेट्रोल पंप पर लगातार लोगों की भीड़ देखी गई। सुबह से जो पेट्रोल पंप पर लंबी कतारें देखने को मिलीं था वही दिन भर देखने को मिली। अमेरिका-ईरान युद्ध के चलते लोगों का मानना है कि जल्द पेट्रोल खत्म हो जाएगा। इसकी कीमत हजार रुपए लीटर के आसपास पहुंच जाएगी। यही वजह है कि इंदौर के हर पेट्रोल पंप पर भारी भीड़ देखी गई। पैनिक की वजह से लोग गाड़ियों में फुल टैंक कर रहे हैं। स्थिति ऐसी है कि किसी को भी 1 घंटे से पहले पेट्रोल नहीं मिल पा रहा था।



**कुछ ही घंटों में खप रहा दो दिन का स्टॉक**-पेट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि पेट्रोल की जो बिक्री दो दिन में होती थी, वह कुछ ही घंटे में हो रही है, यह केवल अफवाह और पैनिक की वजह से हो रहा है। वह लोगों को समझा चुके हैं कि पेट्रोल की कोई कमी नहीं है, लेकिन इसका कोई असर नहीं हो रहा, बल्कि समय के साथ भीड़ बढ़ती जा रही थी।

**किल्लत होने वाली है**-पेट्रोल भराने आए लोगों ने बताया कि उन्हें खबर पता चली कि अमेरिका ईरान के बीच चल रही युद्ध की वजह से पेट्रोल की किल्लत होने वाली है, इसलिए पेट्रोल लेने आए हैं । कई लोगों का मानना था कि उनकी रोज की जरूरत है, लेकिन इस भीड़ की वजह से उन्हें परेशानी उठानी पड़ रही है। जिन्हें सही में पेट्रोल की अत्यंत आवश्यकता थी, उन्हें घंटों लाइन में लगना पड़ रहा था। ऐसे में कई लोगों ने बुधवार को अपनी सभी गाड़ियों में पेट्रोल भरवाने का ही काम किया।

**इंदौर में 149 रुपए लीटर का पेट्रोल, हुआ वीडियो वायरल**-इंदौर शहर के लोहा मंडी क्षेत्र में पेट्रोल 149 रुपए प्रति लीटर बिकने के वायरल वीडियो को लेकर उठे सवालों पर खाद्य विभाग ने स्थिति स्पष्ट की है। विभाग के अनुसार, वीडियो में दिखाया गया पेट्रोल सामान्य पेट्रोल नहीं बल्कि एक्सपी 100 (एक्सपी 100) कैटेगरी का प्रीमियम पेट्रोल है, जिसकी कीमत पहले से ही अधिक निर्धारित होती है। खाद्य विभाग ने बताया कि एक्सपी 100 पेट्रोल 100 ऑक्टेन नंबर वाला प्रीमियम फ्यूल होता है, जो हाई परफॉर्मेंस वाहनों के लिए उपयोग किया जाता है। इसकी कीमत सामान्य पेट्रोल की तुलना में ज्यादा रहती है और वर्तमान में यह लगभग 149 रुपए प्रति लीटर के आसपास ही उपलब्ध है। वायरल वीडियो की सत्यता को लेकर विभाग ने नापतोल (माप-तौल) विंग से भी जांच कराई। जांच में पाया गया कि पेट्रोल पंप की मशीन में दर्ज 149 रुपए प्रति लीटर की दर पूरी तरह सही है और इसमें किसी प्रकार की अनियमितता नहीं पाई गई। खाद्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी भ्रामक जानकारी या वीडियो पर विश्वास करने से पहले तथ्य जरूर जांच लें और अफवाहों से बचें।

## अवंतिका गैस द्वारा इंदौर में लेवल-3 मॉक ड्रिल का सफल आयोजन, आपदा प्रबंधन की तैयारियों का लिया गया जायजा



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● शहर के COCO-2 स्थल पर आज एक लेवल-3 मॉक ड्रिल का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिसमें आपातकालीन स्थिति से निपटने की तैयारियों का वास्तविक परीक्षण किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान एक LCV (लाइट कमर्शियल व्हीकल) में आग लगने और उससे बड़े स्तर पर आग फैलने की काल्पनिक स्थिति बनाई गई। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित टीमों ने अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का प्रभावी ढंग से निर्वहन किया।

इस अभ्यास में AGL के एम डी पंकज भगत, डी सी राजेश जैन, हिमांशु निगोटे, वरेंद्र शर्मा एवं जितेंद्र भट्ट उपस्थित रहे और उन्होंने पूरे ऑपरेशन की निगरानी की। मॉक ड्रिल में म्यूचुअल एड पार्टनर के रूप में GAIL India Ltd., GAIL Gas Limited एवं Naveriya Gas की टीमों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। इसके साथ ही इंदौर पुलिस, ट्रैफिक विभाग एवं IMC फायर ब्रिगेड ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का मार्गदर्शन सुरक्षा विभाग प्रमुख इंद्रेश दुबे द्वारा किया गया,मॉक ड्रिल का संचालन समन्वयन मयंक गौर एवं गौरव पाटीदार द्वारा किया गया, जिसमें फायर से संबंधित टीमों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए इसके अतिरिक्त, इस मॉक ड्रिल में अनुराग सोनी, अर्पित सिंह, राहुल कुमार एवं मनीष कुमार का भी विशेष सहयोग रहा, जिनके योगदान से पूरा आयोजन सुचारु रूप से संपन्न हुआ।

## कारम बांध प्रकरण में कांग्रेस का हमला, मंत्री तुलसीराम सिलावट को बर्खास्त करने की मांग

### प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता संगीता शर्मा ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र, दर्ज हो आपराधिक मामला

**दैनिक इंदौर संकेत**

**भोपाल** ● धार जिले के बहुचर्चित कारम बांध प्रकरण को लेकर मध्यप्रदेश की राजनीति एक बार फिर गर्मा गई है। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश प्रवक्ता सुश्री संगीता शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट को मंत्रिमंडल से तत्काल हटाने तथा पूरे मामले में आर्थिक अपराध का प्रकरण दर्ज कराने की मांग की है।

अपने पत्र में संगीता शर्मा ने कहा कि धार जिले में स्थित कारम बांध से जुड़ी घटना अत्यंत गंभीर थी। अगस्त 2022 में निर्माणाधीन बांध के क्षतिग्रस्त होने से लाखों लोगों के जीवन पर खतरा मंडराने लगा था। स्थिति इतनी भयावह हो गई थी कि डाउनस्ट्रीम क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को तत्काल सुरक्षित स्थानों पर ले जाना पड़ा था और प्रशासन, आपदा प्रबंधन की एजेंसियों को लगभग एक सप्ताह तक राहत एवं बचाव कार्य चलाना पड़ा था।

उन्होंने कहा कि घटना के बाद सितंबर 2022 में जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निलंबित कर विभागीय जांच शुरू की गई थी। जांच रिपोर्ट में निर्माण कार्य में तकनीकी लापरवाही, अमानक निर्माण सामग्री और पर्याप्त तैयारी के बिना बांध के नाला पोर्शन को बंद करने जैसे गंभीर निर्णयों को इस मानवजनित संकट का कारण बताया गया है। रिपोर्ट में पांच इंजीनियरों—कार्यपालन यंत्री बी.एल. निनामा, प्रभारी मुख्य अभियंता सी.एस. घाटोले, तत्कालीन अधीक्षण अभियंता पी. जोशी, उप-मंडल अधिकारी विकार अहमद सिद्दीकी तथा सहायक अभियंता विजय कुमार जथा को दोषी पाया गया है।

कांग्रेस प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि इतने गंभीर आरोपों के बावजूद संबंधित अधिकारी को निलंबन से बहाल कर जल संसाधन विभाग की महत्वपूर्ण तकनीकी संस्था ब्यूरो ऑफ डिजाइन (बोधी) में संचालक (बांध) का प्रभार दे दिया गया। इतना ही नहीं, वल्लभ भवन द्वारा आपत्ति दर्ज किए जाने के बावजूद उन्हें मुख्य अभियंता का प्रभार देने की अनुशंसा भी की गई।

### सांवेर विधानसभा में करीब 700 करोड़ के प्रचलित कार्यों की जल संसाधन मंत्री सिलावट ने की समीक्षा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने आज देर शाम को रेसीडेंसी कोठी पर सांवेर विधानसभा अंतर्गत करीब 700 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में इंदौर सम्भागायुक्त व आईडीए अध्यक्ष डॉ. सुदाम खाड़े सहित कलेक्टर शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल और आईडीए सीईओ परीक्षित झाड़े मौजूद रहे। जल संसाधन मंत्री सिलावट ने सांवेर विधानसभा में प्रचलित 15 विकास कार्यों की रिपोर्ट देखी।

## औद्योगिक क्षेत्र की बिजली मांग में वृद्धि दर्ज

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● फरवरी अंतिम सप्ताह की तुलना में मार्च के तीसरे सप्ताह में आद्योगिक उच्चदाब कनेक्शनों की बिजली खपत में बढ़ोत्तरी दर्ज हुई है। इंदौर व समीपी क्षेत्रों में यह बढ़ोत्तरी तुलनात्मक रूप से ढाई प्रतिशत से लेकर दस प्रतिशत तक रही। पीथमपुर आद्योगिक क्षेत्र में दैनिक खपत औसतन रूप से 51 लाख यूनिट से बढ़कर 56 लाख हो गई है। वहीं देवास के औद्योगिक तीन फीडरों पर पिछले पच्चीस दिनों के अंतराल में अधिकतम पांच प्रतिशत वृद्धि देखी गई है। उज्जैन के नागदा क्षेत्र की औद्योगिक मांग में तीन फीसदी उछाल दर्ज हुआ। वहीं उज्जैन के विक्रम उद्योगपुरी, देवास रोड, मक्सी रोड, आगर रोड, ताजपुर उद्योगिक क्षेत्र में करीब चार प्रतिशत बिजली मांग बढी है। इधर इंदौर शहर में पच्चीस दिन पहले जो खपत 96 से 97 लाख यूनिट दैनिक थी, वह मार्च के तीसरे सप्ताह में अधिकतम 1 करोड़ आठ लाख यूनिट दर्ज हुई हैं। इंदौर शहर के पालदा, सांवेर रोड, पोलोग्राउंड इत्यादि औद्योगिक क्षेत्रों में खपत में बढ़ोत्तरी की स्थित है।

*बिजली कंपनी मांग के अनुरूप गुणवत्ता से बिजली आपूर्ति कर रही है। औद्योगिक क्षेत्र की आपूर्ति पर कंपनी का विशेष ध्यान है। वर्तमान में कंपनी स्तर पर दैनिक कुल खपत साढ़े नौ करोड़ यूनिट से ज्यादा हैं।*

*- **अनूप कुमार सिंह,** एमडी मप्रपक्षेविविकंलि इंदौर*

## टीईटी अनिवार्यता को लेकर राज्य शिक्षक संघ ने सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दाखिल की

### शिक्षक हित में हर मोर्चे पर संघर्ष करेंगे-जगदीश यादव

**निलेश चौहान : 94250-77209**

**देपालपुर ● दैनिक इंदौर संकेत**

सुप्रीम कोर्ट की और से कक्षा 1 से 8 तक के शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी अनिवार्य किए जाने के खिलाफ राज्य शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव ने बुधवार को माननीय सुप्रीम कोर्ट में पुनरीक्षण याचिका रिव्यू पिटीशन दाखिल की है। शिक्षकों की चिताओं को देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव ने संघ के बैनर तले यह अहम कदम उठाया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी शिक्षक साथी अनुभवी और काबिल हैं। समय-समय पर सरकार उन्हें प्रशिक्षण भी देती है ऐसे में उनकी योग्यता और सेवा के वर्षों को नजर अंदाज नहीं किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने 1 सितंबर 2025 को आदेश दिया था कि कक्षा 1 से 8 तक पढाने वाले प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी पास करना अनिवार्य होगा। जो ऐसा नहीं कर पाएंगे उन्हें नौकरी छोड़ने होगी। इससे प्रदेश के लाखों शिक्षकों में चिंता का माहौल बना हुआ है। इनमें कई ऐसे शिक्षक हैं जो 25 से 30 साल की नौकरी कर चुके है। इससे राहत के लिए प्रदेश के शिक्षक लगातार फैसले को चुनौती देने की मांग कर रहे थे। राज्य शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव ने संघ की लीगल टीम के साथ दिल्ली पहुंच कर माननीय सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को रिव्यू पिटीशन दाखिल कर प्रदेश के लाखों शिक्षकों को राहत प्रदान करने की दिशा में बड़ा कदम बढ़ाया। श्री यादव ने कहा कि प्रदेश का कोई भी शिक्षक व्यक्तिगत रूप से रिव्यू पिटीशन दाखिल करने के लिए चिंतित ना हो। संगठन हर मोर्चे पर संघर्ष के लिए तैयार है सड़क से लेकर संसद तक और न्यायालय से लेकर शासन स्तर तक संघर्ष को तैयार है।

# मनीष जांगिड़ ने उगले राज, साथियों के नाम बताए

### कारोबारी को धमकाने के मामले में अन्य को भी बनाया आरोपी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● कारोबारी संजय जैन को 15 करोड़ रूपए की फिरोती के लिए धमकाने के मामले में पुलिस ने जयपुर के मनीष जागिंड को अशोकनगर जेल से प्रोडेक्शन वारंट में लाकर रिमांड पर लिया है। उसने पूछताछ में अपने साथियों के नाम बताए हैं जिसके बाद पुलिस ने चार अन्य बदमाशों को भी आरोपी बनाया है, इसमें राजस्थान का कुख्यात बदमाश हरि बाक्सर भी शामिल है। इस पर राजस्थान और उप्र में दस से अधिक अपराध दर्ज हैं।

#### लोरेंस से प्रभावित होकर पकड़ी राह

अधिकारियों के अनुसार मनीष जागिंड आदतन अपराधी नहीं है, जांच में पता चला कि वह सोशल मीडिया के जरिए लारेंस विश्नोई से प्रभावित हो गया था और फिर उसने वैसा बनने के लिए अपराध की दुनिया में कदम रखा। इसलिए वह फिरौती के लिए बड़े कारोबारियों को टारगेट कर रहा था।

#### जेल में मिला रितिक

मनीष ने बताया कि जेल में ही उसकी रितिक बाक्सर से भी इस काम को लेकर बातचीत हुई थी। फिर हरि बाक्सर ने उसे काम को अंजाम देने के लिए कहा था। वह अशोक नगर में घटना को अंजाम देने बाद इंदौर आने वाला था, लेकिन पुलिस के हाथ लग गया। मनीष से मिली जानकारी के आधार पर क्राइम ब्रांच ने दीपक सत्तार, पवन शर्मा, प्रदीप शुक्ला, रितिक बाक्सर, हरि बाक्सर को भी आरोपी बनाया है। हरि बाक्सर पर राजस्थान और यूपी में करीब दस अपराध दर्ज हैं और वह लारेंस विश्नोई के लिए काम करता है।

तुकोगंज पुलिस के अनुसार कारोबारी को धमकाने के मामले में रिमांड पर चल रहे मनीष जागिंड ने पूछताछ में कई सनसनीखेज खुलासे किए हैं। उसने बताया कि वह मूलरूप से जयपुर का रहने वाला है और वह अशोकनगर में पेट्रोल पंप उड़ाने के साथ ही कारोबारी की हत्या करने वाला था और फिर अपने अगले टारगेट के लिए इंदौर आने का प्लान बनाया था लेकिन इसके पहले ही वह अशोकनगर पुलिस के हाथ लग गया। जांगिड़ के अनुसार उसे कारोबारी संजय जैन की धमकाने के लिए काम सौंपा गया था, इसके लिए बीकानेर के कियोस्क संचालक दीपर सत्तार के खाते से उसे रुपए ट्रांसफर किए गए थे। इसके अलावा पवन शर्मा के खाते से भी रूपए ट्रांसफर हुए थे। इस मामले में दीपक और पवन को अशोकनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, वहीं इस काम को लेकर उसकी प्रदीप शुक्ला से भी बातचीत हो रही थी, जो उसे गोवा में बैठकर गाइड कर रहा था।

### जिला शिक्षा केन्द्र ने जारी की सूचना

## छात्रावास प्रवेश के लिए 30 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे विद्यार्थी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**कटनी.** ● जिला शिक्षा केन्द्र द्वारा छात्रावासों में प्रवेश को लेकर सूचना जारी की गई है। कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र द्वारा बताया गया कि कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास एवं नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालक/बालिका छात्रावासों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। डीपीसी प्रेमनारायण तिवारी ने बताया कि अभिभावक एवं विद्यार्थी विभाग की आधिकारिक वेबसाइट एमपी एडुकेशन पोर्टल के माध्यम से घर बैठे आवेदन कर सकते हैं। आवेदन फॉर्म भरने में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर नजदीकी कियोस्क सेंटर से सहायता ली जा सकती है।

प्रवेश के प्रथम चरण के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 मार्च निर्धारित की गई है। यदि सीटें रिक्त रहती है, तो द्वितीय चरण के अंतर्गत 6 अप्रैल से 10 जून तक पुन: आवेदन किए जा सकेंगे। जिला शिक्षा केन्द्र ने अभिभावकों से समयसीमा के भीतर आवेदन करने कहा है, ताकि विद्यार्थियों को समय पर छात्रावास सुविधा का लाभ मिल सके।

### राहुल को गुल्लक भेंट करने वालों ने भी दी श्रद्धांलि



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● राजनीति अक्सर आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित दिखती है, लेकिन कुछ पल ऐसे होते हैं जब मानवीय संवेदनाएं सबसे ऊपर आ जाती हैं। मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सज्जन सिंह वर्मा ऐसे ही एक व्यक्तित्व के रूप में सामने आते हैं, जिन्होंने हमेशा रिश्तों और संवेदनाओं को प्राथमिकता दी है। नवंबर 2022 की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान जब आष्टा के बच्चों ने अपनी गुल्लक राहुल गांधी को भेंट की थी, तब यह एक भावनात्मक क्षण था। लेकिन समय ने करवट ली और उन्हीं बच्चों के जीवन में ऐसा दु:ख आया, जिसने सबको झकझोर दिया—उनके माता-पिता अब इस दुनिया में नहीं रहे। ऐसे कठिन समय में सज्जन सिंह वर्मा ने सिर्फ एक राजनेता की भूमिका नहीं निभाई, बल्कि एक अभिभावक की तरह आगे आए। आर्थिक सहयोग से लेकर भावनात्मक संबल तक, उन्होंने यह संदेश दिया कि दु:ख की घड़ी में कोई अकेला नहीं है। समय-समय पर बच्चों का हालचाल लेना और उनका मनोबल बनाए रखना उनकी संवेदनशीलता को दर्शाता है और फिर एक ऐसा मार्मिक क्षण आया, जब खुद सज्जन सिंह वर्मा अपनी पत्नी के निधन के गहरे दु:ख से गुजर रहे थे। इस कठिन समय में जब आष्टा के वही बच्चे उनके निवास पर संवेदना व्यक्त करने पहुंचे, तो यह सिर्फ एक औपचारिक मुलाकात नहीं थी।

## श्री जिनबिम्ब पंचकल्याणक महोत्सव हेतु सुयोग्य पात्रों का चयन सम्पन्न

### इंदौर में 3 से 9 अप्रैल तक होगा भव्य रजत चौबीसी प्रतिष्ठा महोत्सव

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मां अहिल्या की नगरी इंदौर स्थित चंदा प्रभु जिनालय, मल्हारगंज के तत्वावधान में दलालबाग में आगामी 03 से 09 अप्रैल 2026 तक आयोजित होने वाले श्री 1008 रजतमय चौबीसी जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। इस महोत्सव के सुयोग्य पात्रों का चयन तीर्थ स्वरूप आदिनाथ जिनालय के ऋषभ सभा गृह में सम्पन्न हुआ। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन 'दद्दू' ने जानकारी देते हुए बताया कि यह चयन पूज्य मुनिश्री 108 विमलसागर जी मुनिराज एवं मुनिश्री अनंत सागर जी के मंगलमय सान्निध्य तथा बालब्रह्मचारी विनय भैया जी के निर्देशन में विधिवत सम्पन्न हुआ। महोत्सव में भगवान के माता-पिता बनने का परम सौभाग्य गोतम-शोभा जैन को प्राप्त हुआ। वहीं ध्वजारोहण का पुण्य बीड़ी वाले परिवार के राजीव मीना जैन को मिला। सोधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य समाज अध्यक्ष राजेश जैन लारेल के सुपुत्र सिद्धार्थ राबी जैन को प्राप्त हुआ। कुबेर इंद्र का दायित्व शशांक-प्रेसी जैन (लारेल परिवार) को सौंपा गया। महायज्ञनायक के रूप में हेमंत-संगीता मोदी, यज्ञनायक के रूप में शरद-सीमा रावत परिवार एवं महेंद्र-विनोद जैन परिवार को जिम्मेदारी मिली। इसी प्रकार राजा श्रेयांश का पात्र अशोक कुमार-पंकज (पिंकी) जैन (ग्वालियर वाले, सियागंज) को तथा राजा सोम का पात्र देवेंद्र-सीमा (डी.के. परिवार) को प्राप्त हुआ।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

इंदौर, गुरुवार 26 मार्च 2026

न्यूज ब्रीफ

### केवड़ेश्वर धाम में 494.87 लाख रुपये की लागत से बनेगा नया घाट

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● केवड़ेश्वर धाम स्थित माँ शिप्रा के मुख्य उद्गम स्थल पर बनने वाले नए घाट का भूमिपूजन 26 मार्च को किया जाएगा। यह घाट जल संसाधन विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा लगभग 494.87 लाख रुपये की लागत से निर्मित किया जाएगा। मंत्री प्रतिनिधि लक्की अवस्थी, घनश्याम पाटीदार ने बताया कि आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में तुलसीराम सिलावट (मंत्री, जल संसाधन विभाग, म.प्र. शासन) एवं शंकर लालवानी (सांसद, इंदौर लोकसभा क्षेत्र) शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मधु वर्मा (विधायक, राऊ विधानसभा क्षेत्र) करेंगे। विशेष अतिथियों में महंत दर्शनगिरी जी महाराज तथा महामण्डलेश्वर धमेन्द्रपुरी जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। इस घाट के निर्माण से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी तथा क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम स्थल के रूप में केवड़ेश्वर धाम, राजधारा के बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहेंगे।

### श्रीराम नवमी पर्व पर सबसे भव्य परंपरागत श्री राम रथ यात्रा 27 मार्च को

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के जन्मोत्सव रामनवमी के अवसर पर शहर की सबसे भव्य परंपरागत श्रीराम रथ यात्रा पंचकुइया स्थित श्रीराम मंदिर आश्रम से 27 मार्च को निकलेगी। जिसमे 501 वर्ष प्राचीन भगवान रामलला भक्तों को दर्शन देने नगर भ्रमण पर निकलेंगे। इस यात्रा में अयोध्या भगवान रामलला की झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगी, प्रसिद्ध भजन गायक राम भक्ति के भजनों की प्रस्तुति देंगे । इस आयोजन में अयोध्या, मथुरा वृन्दावन के साधु संतो के साथ ही पूरे शहर भर के साधु संत भी सम्मिलित होंगे। इसमें पूरे शहर के सनातनी राम भक्तजन भी शामिल होंगे। पंचकुइया पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर रामगोपालदास महाराज ने बताया कि रामनवमी के पावन पर्व पर 27 मार्च को संतो की तपोस्थली श्री राम मंदिर पंचकुइया आश्रम से भव्य राम रथ यात्रा शाम 4 बजे निकलेगी। 501 वर्ष प्राचीन भगवान रामलला मोगरा सहित अनेक किस्मों के फूलों से सजे रथ पर सवार होकर भक्तों का दर्शन देने और उनके हाल-चाल जानने निकलेंगे। इसमें अयोध्या के राम जी और हनुमान जी की झांकी आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

### 351 कन्याओं का पाद पूजन कर उन्हें उपहार देंगे

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● चैत्र नवरात्रि एवं राम नवमी के शुभ अवसर पर बाबाश्री पारमार्थिक ट्रस्ट की ओर से शुक्रवार, 27 मार्च को दोपहर 4 बजे से छोटा बांगड़दा रोड स्थित बाबाश्री रिसोर्ट पर 351 कन्याओं का पाद पूजन कर उन्हें उपहारों का वितरण भी किया जाएगा। आसपास के सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को आमंत्रित कर उनका सम्मान भी किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक जगदीश गोयल बाबाश्री ने बताया कि इस आयोजन में आसपास की बस्तियों की जरूरतमंद कन्याओं को आमंत्रित कर दोपहर 4 बजे से उनके लिए विभिन्न खेलकूद एवं मनोरंजन की गतिविधियां आयोजित होंगी, खाने एवं व्यंजनों के स्टाल्स लगाए जाएंगे, 7 से 8 बजे तक शिक्षकों का सम्मान एवं कन्याओं का नाट्य मंचन तथा सायं 8 बजे से 351 कन्याओं का सामूहिक पाद पूजन कर उपहारों सहित उन्हें बिदा किया जाएगा। । इस अवसर पर क्षेत्र के सरकारी स्कूलों के शिक्षकों का भी सम्मान किया जाएगा और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ थीम पर मानवीय संस्कारों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी होगा। कार्यक्रम में शहर के अनेक गणमान्य समाजसेवी बंधु एवं राजनेता भी शामिल होंगे। कार्यक्रम में द्वारका प्रसाद गोयल, रामेश्वर दयाल एवं केदारनाथ गोयल भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

# जूनियर वकील को 20 हजार स्टायपेंड देने की मांग, मप्र शासन को देना है जवाब

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश में जूनियर वकीलों को स्टायपेंड की मांग को लेकर लगी जनहित याचिका पर अब मप्र शासन को जवाब देना है। इस पर गुरुवार को अहम सुनवाई होना है। मध्यप्रदेश में जूनियर वकीलों को न्यूनतम स्टायपेंड मिलना चाहिए। अधिवक्ता निमेष पाठक द्वारा जनहित याचिका के जरिए इसकी मांग उठाई गई है। इस पर हाईकोर्ट इंदौर डबल बेंच ने नोटिस देकर मध्य प्रदेश सरकार व अन्य पक्षकारों से जवाब मांगा था। अब गुरुवार को अहम सुनवाई होना है। इस पर सभी की नजरें टिकी हुई है। खासकर जूनियर वकीलों की।




#### 20 हजार कम से कम दिया जाए

याचिका में मांग की गई है कि यह स्टायपेंड की राशि कम से कम 20 हजार रुपए होना चाहिए। वहीं, ग्रामीण एरिया में यह राशि कम से कम 15 हजार रुपए होना चाहिए। इस मामले में जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस अलोक अवस्थी की बेंच सुनवाई करेगी। इसमें मप्र शासन के साथ ही मप्र विधि विभाग, बार काउंसिल ऑफ इंडिया और बार काउंसिल ऑफ मप्र को पक्षकार बनाया गया है।

#### सीएम वेलफेयर स्कीम की राशि भी नहीं मिली

अधिवक्ता निमेष पाठक द्वारा लगी याचिका में सीएम वेलफेयर स्कीम 2012 की रूकी राशि का भी मुद्दा उठाया गया है। मांग की गई है कि कोविड के बाद इस स्कीम की राशि जारी नहीं की गई है। जूनियर वकीलों के लिए यह स्कीम लागू की गई थी। इसके तहत पहली बार रजिस्टर्ड वकील को टेबल-कुर्सी व अन्य ऑफिस खर्च के लिए 12 हजार रुपए दिए जाते हैं। लेकिन कोविड के बाद यह राशि रिलीज नहीं की गई है।



### काव्यात्मक संचालन हेतु कवि का सम्मान

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● हमारे नगर की नवोदित संस्था दि ओपन स्टेज टेलेंट शो के साहित्यिक विभाग की शाखा कवि, कला और कलाकार कल्याण कोष के अंतर्गत साहित्य, संगीत, समाज सेवा, शिक्षा, क्रीड़ा, चिकित्सा एवम् विधि के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य को संपादित कर समाज व राष्ट्र की सेवा करने वाले महानुभावों का सम्मान किया गया। इंदौर रत्न अलंकरण सम्मान 2026 से सम्मानित इस सूची में राष्ट्र भाषा हिंदी की सेवा के भाव से उत्कृष्ट काव्य, गद्य लेखन एवम् कवि सम्मेलन के मंचों के उत्कृष्ट संचालन के लिएं नगर के युवा कवि जितेन्द्र राज को कवि व श्रेष्ठ संचालक के रूप में सम्मानित किया गया। उक्त सम्मान विश्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष व पूर्व राज्य मंत्री पं. योगेन्द्र महंत के कर कमलों से प्रदान किये गये। योगेन्द्र ने सभी सम्मानित कलाकारों को अपने उद्बोधन में शुभकामनाएं प्रेषित की एवम् भविष्य में श्रेष्ठ कार्य करके समाज व राष्ट्र की सेवा करने के लिएं प्रोत्साहित किया। आभार संस्था प्रमुख श्री जितेन्द्र शिवहरे ने व्यक्त किया।

### समाधान योजना खत्म होने में मात्र छः दिन शेष

- उपभोक्ताओं को 90 प्रतिशत सरचार्ज माफी का अंतिम मौका
- इंदौर जिले के 96 हजार उपभोक्ता लाभान्वित

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने तीन माह से अधिक के बकाया बिलों के लिए 31 मार्च तक लागू समाधान योजना का लाभ लेकर 90 प्रतिशत तक सरचार्ज माफ कराने की अपील की है। इसके अंतर्गत पुराने बकाया बिलों के एकमुश्त भुगतान पर सरचार्ज राशि पर 70 से 90 प्रतिशत तक एवं किश्तों में बिल भुगतान का विकल्प चुनकर पहली किश्त तुरंत जमा कराने पर 50 से 60 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। कंपनी क्षेत्र के सभी जिलों में अब तक 8.50 लाख उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ लेकर छूट प्राप्त की है। इन उपभोक्ताओं को करीब 36 करोड़ रूपए की छूट मिली है। वहीं बिजली कंपनी को 254 करोड़ रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। समाधान योजना में सबसे ज्यादा इंदौर जिले के करीब 96 हजार उपभोक्ता लाभान्वित हुए है। दूसरे स्थान पर 89300 उपभोक्ताओं के साथ खरगोन जिला, तीसरे स्थान पर 88700 उपभोक्ताओं के साथ उज्जैन जिला, चौथे स्थान पर 76600 उपभोक्ताओं को लाभान्वित कराने वाला जिला रतलाम रहा। अन्य जिलों में भी 25 हजार से 65 हजार उपभोक्ताओं के समाधान योजना में सरचार्ज माफ किए गए।

## भाजपा ही एकमात्र दल जिसमें कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण होता है - विजयवर्गीय

**विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 2 के तीन मंडलों में प्रशिक्षण वर्ग अलग - अलग सत्रों में वरिष्ठ नेताओं ने दिया मार्गदर्शन**

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा एवं महामंत्री सुधीर कोल्हे, महेश कुकरेजा, कैलाश पिपले ने बताया कि भाजपा विधानसभा क्षेत्र 2 के तीन मंडलों में प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ हुए। डॉ भीमराव अम्बेडकर मंडल, राजमाता जीजाबाई मंडल, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल में प्रशिक्षण वर्ग के अंतर्गत विभिन्न सत्रों में वरिष्ठ नेताओं ने मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर विधायक रमेश मेंदोला, मुन्नालाल यादव, हरिनारायण यादव, राजेंद्र राठौर, वीरेंद्र व्यास, सुधीर कोल्हे, दीप्ति हाडा, नेहा शर्मा, भारत पारख, भूपेंद्र सिंह केसरी, वरुण पाल, मनोज मिश्रा, पूजा पाटीदार, विनीता धर्मेंद्र मौर्य आदि उपस्थित थे। डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल में कार्य विस्तार विषय पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि पहले हम विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 2 में चुनाव हार जाते थे, यहां बस्ती क्षेत्रों में भाजपा को वोट नहीं मिलते थे, तब हमने तय किया कि जिन बस्तियों में वोट नहीं



मिलते उन बस्तियों पर फोकस करना है, हमने धीरे धीरे त्योहारों पर, सामाजिक आयोजनों में भागीदारी बढ़ाते हुए, नवरात्रि में गरबा, गणेश उत्सव में प्रतिमा वितरण कर लोगों को जोड़ने का काम किया। आज हम उन बस्तियों से भी चुनाव जीतते है। यही है संगठन के विस्तार की प्रक्रिया। उन्होंने कहा भाजपा ही एकमात्र पार्टी हैं, जिसमें कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण होता है। भाजपा को कैडर बेस पार्टी कहा जाता है, क्योंकि भाजपा का कार्यकर्ता वैचारिक रूप से दृढ़ होता है।

### मिलावट के खिलाफ सख्त अभियान जारी – दूध, घी, पनीर सहित 23 नमूने जांच हेतु लिए गए

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशानुसार इंदौर जिले में आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा दूध एवं दुग्ध उत्पादों में मिलावट की जांच के लिए विशेष अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सघन निरीक्षण एवं सैंपलिंग की कार्रवाई की गई। अभियान के अंतर्गत शिव शक्ति डेरी स्वीट्स एंड नमकीन वैभव नगर का निरीक्षण कर दूध के 03 नमूने जांच हेतु लिए गए। इसी प्रकार कृष्णा दूध भंडार आलोक नगर से दूध के 03 नमूने संकलित किए गए। इसके अतिरिक्त यादव मिल्क सेंटर बिजली नगर का निरीक्षण कर दूध के 03 नमूने, घी का 01 नमूना एवं पनीर का 01 नमूना जांच हेतु लिया गया। इसी क्रम में चंद्रवंशी डेरी हीरानगर से दूध, पनीर, घी एवं मिठाई के कुल 04 नमूने संकलित किए गए। देवनारायण मिल्क स्वीट मेन रोड सुखलिया (श्री रवि गुर्जर) से मिक्स मिल्क, काउ मिल्क, मावा एवं पनीर के 04 नमूने जांच हेतु लिए गए। इसी प्रकार महावीर डेरी एम.आर. 10 चौराहा (श्री पंकज साहू) से मिक्स मिल्क, गाय का दूध, पनीर एवं घी के 04 नमूने जांच हेतु संकलित किए गए। इस प्रकार आज की कार्रवाई में कुल 23 खाद्य नमूने जांच हेतु लिए गए।

### श्री अग्रसेन महासभा के निर्विरोध चुनाव में जिंदल अध्यक्ष, सिंघल सचिव निर्वाचित

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● अग्रवाल समाज की सबसे पुरानी एवं प्रतिष्ठित संस्था श्री अग्रसेन महासभा के संचालक मंडल के निर्विरोध चुनाव में राजेश जिंदल अध्यक्ष एवं अनूप सिंघल मानद सचिव निर्वाचित हुए। निर्वाचन अधिकारी उमाकांत गर्ग एवं सहयोगी महेश बंसल, राजेश अग्रवाल तथा सतीश मंगल ने बताया कि अन्य पदाधिकारियों में अशोक अग्रवाल (तेल) उपाध्यक्ष, त्रिलोकचंद्र अग्रवाल (धरमपुरी वाले) कोषाध्यक्ष तथा अजय कैलाशचंद्र सह सचिव चुने गए। कार्यकारिणी में अजय मोतीलाल अग्रवाल, अनिल गर्ग, आशीष प्रह्लाद दास अग्रवाल, ओम अग्रवाल, प्रकाश भोलाराम अग्रवाल, सत्यनारायण अग्रवाल, उमेश गोपालदास, विनोद नागोरी, संजय सूरजमल अग्रवाल, विनोद सिंघानिया एवं विकास गोयल चुने गए।

### महिला प्रकोष्ठ के लव यू जिन्दगी कार्यक्रम में मस्ती धमाल का आयोजन शुक्रवार को

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● महिला प्रकोष्ठ अग्रवाल समाज के 'लव यू जिन्दगी' कार्यक्रम की श्रृंखला में 27 मार्च को माणिकबाग रोड स्थित ब्लू फेयरी, एमरॉल्ड बिज़नेस पार्क, दूसरी मंजिल पर रंगारंग मस्ती धमाल के साथ ही सखियों के लिए मुख्य अतिथि आहार विशेषज्ञ शैफाली पाठक बताएंगी कि संतुलित आहार के लिए ग्रीष्म काल में क्या खाना चाहिए और क्या नहीं। इसी तरह इंस्टाग्राम इन्फ्लूएंसर शौर्य निगम बताएंगे कि गर्मी के दिनों में अपने शरीर और मस्तिष्क को किस तरह ठंडा रखा जाए।

### श्री सिद्ध हनुमान मंदिर में आयोजित श्रीराम कथा में मना श्री शिव पार्वती विवाहोत्सव, झूमे भक्त

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● जो व्यक्ति राम नाम का कवच पहनकर चलेगा उस घर में कभी कलयुग का प्रभाव नहीं पड़ेगा,जिस परिवार में सत्संग की चर्चा होती है उस घर में साक्षात ईश्वर का वास होता है, इसलिए हर घर में सत्संग की चर्चा होना जरूरी है और हर घर सत्संग होना भी बहुत आवश्यक है,शिव उदासीन है, भगवान के उत्सव से मंगल का प्राकट्य होता है, भगवान शिव सत्य के प्रेरक है, जहां कृष्ण है वहां धर्म है, कभी किसी की निंदा नहीं करना चाहिए,हर को व्यक्ति सहज सरल रहना चाहिए,व्यक्ति अगर उच्च पद पर भी प्रतिष्ठित हो जाए तो कभी भी घमंड अहंकार नहीं करना चाहिए, श्रेष्ठ परंपराओं को सार्थक करना चाहिए, हर व्यक्ति को पुरानी परंपराओं को समझना जरुरी है,हमें हर व्यक्ति का मान सम्मान करना चाहिए, कभी भी किसी व्यक्ति का अपमान नहीं करना चाहिए,भगवान राम का उच्चारण करने मात्र से ही परम शांति मिलती है,जीवन में राम नाम का जाप करने से ही पुण्य मिलता है।



### प्रदेश के व्यापारियों एवं उद्यमियों की समस्याओं को समझकर उन्हें प्राथमिकता से हल कराएं : चौधरी

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● अ.भा. कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा है कि राज्य के व्यापारियों एवं उद्यमियों की समस्याओं को समझकर उन्हें हल करने की दिशा में प्राथमिकता से काम करने की जरूरत है। राज्य में मोहन यादव सरकार केवल आंकड़ेबाजी का खेल खेल रही है। उद्योगपति और व्यापारी बुरी तरह परेशान हैं। इनके हित में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को मैदानी मोर्चा सम्भालना पड़ेगा। चौधरी ने अपने इंदौर प्रवास के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के साथ प्रदेश कांग्रेस के उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष अरविन्द बागड़ी के संजना पार्क स्थित निवास पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं, व्यापारियों एवं उद्यमियों की बैठक को संबोधित करते हुए उक्त बातें कही।

### मुनिश्री 108 आदित्य सागर महाराज के सानिध्य में 'मंत्राक्ष ध्यान शिविर' का आयोजन 27 से

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● आधुनिक जीवन की भाग-दौड़ और मानसिक तनाव के बीच स्वयं को पुन: खोजने और आत्मिक शांति प्राप्त करने के उद्देश्य से इंदौर के एयरपोर्ट रोड स्थित नरसिंह वाटिका में एक विशेष 'मंत्राक्ष ध्यान शिविर' का आयोजन किया जा रहा है। परम पूज्य मुनि श्री 108 आदित्य सागर जी महाराज के दिव्य मार्गदर्शन में आयोजित होने वाला यह त्रि-दिवसीय शिविर 27 मार्च से 28 और 29 मार्च 2026 तक होगा। प्रतिदिन प्रात: 5:15 से 7:30 बजे तक चलने वाला यह कार्यक्रम मंत्र और अक्षरों के मिलन के माध्यम से आत्म-साधना की एक गहन यात्रा है। यह शिविर हर उम्र और हर वर्ग के जिज्ञासुओं के लिए भक्ति और आत्म-बोध का एक नया मार्ग प्रशस्त करेगा। इस शिविर के दौरान विशेष रूप से मंत्र साधना एवं ध्यान के सत्र आयोजित किए जाएंगे, जहाँ सुबह और शाम साधक सामूहिक साधना और मंगलाचरण में सहभागी बनेंगे। मुनि श्री के नीति प्रवचनों के साथ-साथ 'श्रुत-समाधान' के अंतर्गत जीवन के जटिल से जटिल प्रश्नों का अत्यंत सरल और तार्किक समाधान भी प्रस्तुत किया जाएगा। युवाओं के लिए इस शिविर में विशेष सत्र रखे गए हैं, जो आधुनिक जीवन की चुनौतियों, करियर के दबाव, टूटते रिश्तों और समग्र आत्म - विकास पर केंद्रित होंगे। मुनि श्री के सानिध्य में यह तीन दिन की आध्यात्मिक यात्रा इंदौरवासियों के लिए एक अविस्मरणीय और जीवन-परिवर्तक अनुभव सिद्ध होगी।



सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ




डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर

संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

# सम्पादकीय

## टिकट रद्द करें और अपना पैसा भी गंवाएं; रेलवे के नए नियम पर उठे सवाल

राजस्व बढ़ाने की रेलवे की चिंता वाजिब हो सकती है, लेकिन उसे इस बात पर भी गंभीरता से विचार करना होगा कि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने की जिम्मेदारी आखिर किसकी है। कुछ माह पहले जब लंबी दूरी की रेलगाड़ियों का किराया बढ़ाया गया था, तब यह उम्मीद थी कि यात्रियों की सुविधाओं और उनकी दिक्कतों पर भी ध्यान दिया जाएगा, लेकिन ऐसा कुछ देखने को नहीं मिला। अब सरकार के एक नए फैसले ने यात्रियों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। नए नियमों के मुताबिक, अगर कोई व्यक्ति रेलगाड़ी के रवाना होने के निर्धारित समय से आठ घंटे पहले अपना टिकट रद्द कराता है, तो उसे कोई पैसा वापस नहीं मिलेगा। जबकि पहले यह समय सीमा चार घंटे की थी। कई बार ऐसा होता है कि लोगों को निजी कारणों से अंतिम समय में यात्रा रद्द करनी पड़ती है, मगर अब ऐसा करना जेब पर भारी पड़ेगा। हालांकि, सरकार का दावा है कि इससे प्रतीक्षा सूची वाले यात्रियों को सीट पाने के ज्यादा अवसर मिलेंगे और इससे टिकटों की कालाबाजारी पर भी रोक लगेगी। मगर सवाल है कि टिकटों की कालाबाजारी रोकने के लिए क्या कोई दूसरा रास्ता नहीं निकाला जा सकता था, जिससे आम यात्रियों को आपात स्थिति में टिकट रद्द कराने पर वित्तीय नुकसान न झेलना पड़े? यह निराशाजनक ही है कि रेलगाड़ियों के संचालन से लेकर सुविधाओं में व्यवस्थागत खामियों को दूर करने के बजाय यात्रियों के हितों को हाशिये पर रखा जा रहा है। इसमें दोराय नहीं कि लंबी दूरी की यात्रा के लिए रेलगाड़ियां आम आदमी की जीवन रेखा मानी जाती हैं। मगर इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि रेलवे के आधुनिकीकरण की कवायद के बीच यात्रियों की बुनियादी सुविधाओं में सुधार करने को आज भी प्राथमिकता नहीं दी जाती है। रेलगाड़ियों में किफायती और सुरक्षित खान-पान के अभाव से लेकर साफ-सफाई की शिकायतें कम नहीं हो रही हैं। इन समस्याओं का समाधान करने के बजाय ऐसे नियम लागू किए जा रहे हैं, जिससे यात्रियों की परेशानी और बढ़ गई है। राजस्व बढ़ाने की रेलवे की चिंता वाजिब हो सकती है, लेकिन उसे इस बात पर भी गंभीरता से विचार करना होगा कि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने की जिम्मेदारी आखिर किसकी है।

# तपता मार्च, सूखता पानी: क्या हम असली समस्या से भाग रहे हैं?

### वसंत गायब, तपिश हावी: बदलते मौसम का खतरनाक संकेत

### सूखती धरती: क्या यह जलवायु आपातकाल का संकेत है?

सुबह की हवा में अब वसंत की ठंडक नहीं, गर्मी की तीखी आहट है, और यही हाल कई शहरों में फैल चुका है। मार्च 2026 में दिल्ली में पारा 35.7°C तक पहुंचा – पहले सप्ताह का 50 साल का सबसे गर्म मार्च – जबकि गुजरात, राजस्थान, विदर्भ और मध्य प्रदेश के कई इलाकों में तापमान 38-42°C तक पहुंच गया। लखनऊ, जयपुर, भोपाल, इंदौर जैसे शहर भी इस असामान्य गर्मी की चपेट में हैं। यह क्षणिक बदलाव नहीं, बल्कि बदलती जलवायु की स्पष्ट तस्वीर है जो पूरे देश की दिनचर्या में समा रही है। जो मार्च कभी हल्की धूप और सुकून का महीना था, अब तपिश और सूखेपन का अनुभव बन गया है। यह बदलाव अचानक नहीं, बल्कि लंबे समय की अनदेखी का नतीजा है, जिसे हम 'नया सामान्य' मानने लगे हैं।

मार्च के शुरुआती दिनों में ही बढ़ती गर्मी ने मौसम की पुरानी धारणाएं तोड़ दी हैं। जो तपिश कभी अप्रैल-मई तक सीमित थी, वह अब पहले ही सप्ताह में रिकॉर्ड बना रही है। यह सिर्फ समय का बदलाव नहीं, बल्कि बिगड़ते पर्यावरणीय संतुलन का संकेत है, जिसे लंबे समय से नजरअंदाज किया गया। चिंताजनक यह है कि पहाड़ी क्षेत्र भी अब इससे अछूते नहीं, साफ है कि जलवायु परिवर्तन सीमाएं पार कर चुका है। यह फैलता संकट हर क्षेत्र को प्रभावित कर रहा है और हमें सोचने पर मजबूर कर रहा है कि क्या हमने प्रकृति से अपना संतुलन खो दिया है।

इस बढ़ती गर्मी के साथ जल संकट भी तेजी से गहराता जा रहा है। बड़े जलाशयों का घटता स्तर किसी सामान्य मौसमी उतार-चढ़ाव का नहीं, बल्कि गंभीर असंतुलन का संकेत है। मार्च में ही जब पानी आधा रह जाए, तो आने वाले महीनों का संकट साफ दिखाई देता है। इसका असर सिर्फ शहरों तक सीमित नहीं, गांवों में किसान फसलों को बचाने के लिए जूझ रहे हैं। नदियां कमजोर पड़ रही हैं, भूजल नीचे जा रहा है और पानी की हर बूंद की अहमियत बढ़ती जा रही है। यह हालात स्पष्ट करते हैं कि जलवायु परिवर्तन केवल गर्मी नहीं बढ़ा रहा, बल्कि हमारे जल संसाधनों को भी तेजी से खत्म कर रहा है।

तापमान और प्रदूषण का साथ इस संकट को और खतरनाक बना रहा है-एक ऐसा दोहरा प्रहार जो शरीर और पर्यावरण दोनों को प्रभावित कर रहा है। गर्मी बढ़ते ही हवा में मौजूद जहरीले कण और सक्रिय हो जाते हैं, जिससे सांस लेना कठिन हो जाता है। दिल्ली और आसपास की खराब होती हवा यह दिखा रही है कि समस्या सिर्फ गर्मी नहीं, बल्कि उसी हवा की है जिस पर जीवन निर्भर है। इसका सबसे ज्यादा असर बच्चों, बुजुर्गों और बीमारों पर पड़ रहा है, और अस्पतालों में बढ़ती भीड़ संकेत है कि यह अब पर्यावरण नहीं, गंभीर स्वास्थ्य संकट बन चुका है।



ऐसे हालात में वर्ल्ड बैंक का हरियाणा क्लीन एयर प्रोजेक्ट (300 डॉलर मिलियन) राहत की उम्मीद जगाता है। साफ हवा के लिए मॉनिटरिंग नेटवर्क का विस्तार, इलेक्ट्रिक वाहन, कृषि और उद्योग सुधार सकारात्मक कदम हैं। लेकिन असली सवाल यही है कि क्या ये पर्याप्त हैं, या हम सिर्फ ऊपर-ऊपर से समस्या को संभाल रहे हैं? मॉनिटरिंग, इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा और कृषि सुधार जरूरी हैं, पर जब तक ये व्यापक और दीर्घकालिक नीति से नहीं जुड़ते, तब तक इनका असर सीमित ही रहेगा।

वास्तविक चुनौती उन जड़ों पर प्रहार करने की है जहां से यह संकट पैदा हो रहा है। तेज औद्योगिकीकरण, जीवाश्म ईंधनों पर बढ़ती निर्भरता, जंगलों की कटाई और अव्यवस्थित शहरी विस्तार ने प्राकृतिक संतुलन को गहराई से बिगाड़ दिया है। फिर भी हम प्रदूषण को मौसमी मानकर टाल देते हैं और गर्मी को अस्थायी असुविधा समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन मार्च 2026 ने साफ कर दिया है कि यह सोच अब खतरे से खाली नहीं। जब असामान्यता ही सामान्य लगने लगे, तो इसका मतलब है कि हमने समस्या को स्वीकार तो कर लिया, लेकिन उससे लड़ने की तैयारी अब भी अधूरी है।

इस बदलते दौर का सबसे भारी असर आम लोगों की जिंदगी पर दिख रहा है, जहां रोजमर्रा अब सहज नहीं, संघर्ष बन गई है। एक साधारण परिवार के लिए पानी बचाना, बिजली संभालना और स्वास्थ्य सुरक्षित रखना लगातार चुनौती है। बच्चों का बाहर खेलना घट गया है, बुजुर्गों के लिए बाहर निकलना जोखिम भरा है और कामकाजी लोगों के लिए काम की गति बनाए रखना कठिन हो रहा है। यह सिर्फ पर्यावरणीय संकट नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक असमानता को भी गहरा कर रहा है—जहां साधन वाले खुद को बचा लेते हैं, वहीं कमजोर वर्ग पर दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। सबसे अहम सवाल यही है कि क्या हम सब कुछ देखते हुए भी अनदेखा कर रहे हैं? लगातार चेतावनियां सामने हैं-बढ़ता तापमान, वैज्ञानिक रिपोर्टें, मौसम के संकेत-सब एक ही खतरे की ओर इशारा कर रहे हैं। इसके बावजूद हमारी प्रतिक्रिया अक्सर सतही ही रहती है। हम तात्कालिक राहत के उपाय अपनाते हैं, जैसे ठंडक के लिए एसी या पानी का अस्थायी इंतजाम, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाने से बचते हैं। यह सोच हमें कुछ समय जरूर दे सकती है, पर समस्या का हल नहीं।

अब जरूरत है कि इस संकट को पूरी गंभीरता से स्वीकार कर ठोस बदलाव की दिशा में आगे बढ़ा जाए। स्वच्छ ऊर्जा को अपनाना, जल संरक्षण को प्राथमिकता देना, हरित क्षेत्र बढ़ाना और नीतियों में सख्ती लाना अब विकल्प नहीं, अनिवार्यता बन चुके हैं। साथ ही हर व्यक्ति की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि छोटे प्रयास मिलकर बड़ा बदलाव ला सकते हैं। अगर अब भी हम नहीं चेते, तो आने वाले समय में यह संकट और गहरा जाएगा। मार्च 2026 की यह तपिश केवल एक मौसम नहीं, बल्कि भविष्य का संकेत है—अब तय हमें करना है कि हम इसे चेतावनी समझते हैं या अपनी नियति।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'** शिक्षाविद्
बड़वानी (मप्र)

## चौराहे पर 'चोर-सिपाही' का खेल: क्या हमारी सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी है

चौराहे पर जैसे ही लाल बत्ती जलती है, हमारे भीतर का 'जिम्मेदार नागरिक' अचानक छुट्टी पर चला जाता है। उसकी जगह ले लेता है एक चतुर 'खिलाड़ी', जो गर्दन घुमाकर यह सुनिश्चित करता है कि कहीं कोने में वर्दीधारी 'अंपायर' तो नहीं खड़ा। अगर नहीं दिखा, तो जनाब, नियमों की तो ऐसी-तैसी! एक्सीलेरेटर दबाइए और 'आजादी' का जश्न मनाइए।

हमारी सड़कों पर ट्रैफिक नहीं, मानसिकता दौड़ती है,'पकड़े गए तो पुलिस पर वसूली का इल्जाम, बच गए तो स्मार्टनेस।' हेलमेट पहनना हमें बोझ लगता है, लेकिन पकड़े जाने पर चालान का बनना भारी अन्याय। रॉन्ग साइड गाड़ी चलाना हमें शॉर्टकट नहीं, 'स्मार्ट कट' लगता है। और अगर पुलिस दिख जाए, तो अचानक हम 'कानून के ज्ञाता' बन जाते हैं, 'अरे साहब, छुप के क्यों खड़े हो ? पहले क्यों नहीं दिखे? '

दरअसल, हमने नियमों को सुरक्षा नहीं, सौदेबाजी बना दिया है। 'पुलिस दिखे, तो हम रुकेंगे; पुलिस नहीं दिखे, तो हम उड़ेंगे।' यह सोच केवल सड़क पर नहीं, हमारे चरित्र में भी जाम लगा रही है। हम यह भूल बैठे हैं कि एक्सीडेंट, चालान देखकर नहीं आता, वह केवल मौके की तलाश में रहता है, और हम उसे रोज न्योता देते हैं। सबसे दिलचस्प तर्क है, 'अगर हम ही सब नियम मान लें, तो पुलिस को तनख्वाह किस बात की ?' मानो पुलिस हमारी नैतिकता की 'ठेकेदार' हो और हम उसके 'किराएदार'। सच तो यह है कि हर गाड़ी के पीछे एक सिपाही खड़ा करना संभव नहीं, लेकिन हर इंसान के भीतर एक जिम्मेदार नागरिक जरूर खड़ा हो सकता है, अगर हम चाहें तो।

सड़क कोई 'चोर-सिपाही' का खेल नहीं, जहां बच निकलना जीत हो। यहां विजयी वही है, जो सुरक्षित घर लौटे। जिस दिन हमने नियमों को 'डर' नहीं, 'कर्तव्य' समझ लिया, उस दिन चौराहों पर हादसे नहीं, समझदारी दिखेगी।

तो अगली बार लाल बत्ती पर रुकिए... पुलिस के डर से नहीं, अपने घरवालों के इंतजार के सम्मान में।

**- राजकुमार जैन,**
सड़क सुरक्षा विशेषज्ञ

# आंचलिक

## पेट्रोल, डीजल किल्लत की अफवाहें झूठीं, हमारे पास स्टॉक पर्याप्त, लोग पैनिक न हों : एसडीएम

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बड़वाह ●** सोशल मीडिया पर पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति बाधित होने और कीमत बढ़ने की अफवाहों के चलते शहर में पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ जुट गई। दोपहिया और चारपहिया वाहन चालक अपनी टंकियां फुल कराने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे। मुख्य चौराहे स्थित मोदी पेट्रोल पंप पर सुबह 9 बजे पेट्रोल खत्म हो गया, जबकि अन्य पंपों पर स्टॉक पर्याप्त था।

### प्रशासन ने लिया स्थिति का जायजा

हालातों को देखते हुए बड़वाह एसडीएम सत्यनारायण दर्रो और तहसीलदार शिवराम कनासे ने शहर के विभिन्न पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि केवल एक पंप को छोड़कर सभी अन्य पंपों पर पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार मौजूद था।

### अफवाहों को एसडीएम ने बताया भ्रामक

एसडीएम ने मीडिया से बातचीत में स्पष्ट किया कि पेट्रोल की आपूर्ति में कोई बाधा नहीं है और रेट बढ़ने के भी कोई आदेश नहीं आए हैं। उन्होंने जनता से पैनिक न होने की अपील की और पंप संचालकों को निर्देश दिए कि किसी को बोतलों या डिब्बों में ईंधन न दिया जाए।

### भ्रामक खबरों पर विश्वास न करने की अपील

पंप संचालकों का कहना है कि स्टॉक पर्याप्त है और गुरुवार को नए टैंकर आने हैं। कुछ पंपों पर निर्धारित मात्रा में ईंधन दिया जा रहा है ताकि अनावश्यक भंडारण रोक सके और सभी को समान रूप से ईंधन मिल सके। प्रशासन ने आम लोगों से अपील की कि वे सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक खबरों पर विश्वास न करें और आवश्यकतानुसार ही पेट्रोल-डीजल भरवाएं।

## अचानक बढ़ी गर्मी, 24 घंटे में 4 डिग्री बढ़ा तापमान, रात भी गर्म

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा ●** गर्मी में आमूलचूल परिवर्तन देखने को मिला हैं। महज एक दिन के भीतर दिन का तापमान 4 डिग्री बढ़ गया हैं। एक दिन पहले रविवार को दिन का तापमान 31.1 डिग्री सेल्सियस रहा, वहीं सोमवार को यही तापमान 35.1 डिग्री पर पहुंच गया। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, अब तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी होती रहेगी। खंडवा में गणगौर पर्व के समापन के बाद यह हालात मौसम में अचानक परिवर्तन को लेकर बने हैं। पिछले तीन दिनों से हल्के बादल छाए रहे तो वहीं ग्रामीण अंचल के कई इलाकों में बारिश का असर तक रहा। ऐसे में तापमान में गिरावट हुई हैं। 21 मार्च की बात करें तो दिन का तापमान 35.1 डिग्री था और 22 मार्च को यही तापमान 31.1 डिग्री पर आ गया। अब एक दिन बाद ही फिर से वैसे हालात बने और बादलों के छंटते ही तापमान बढ़ गया।

**रात का तापमान भी एक डिग्री बढ़ा** - एक तरफ जहां दिन के तापमान में 4 डिग्री सेल्सियस का इजाफा हुआ हैं। वहीं रात का तापमान भी बढ़ा हैं। रात के तापमान में एक डिग्री सेल्सियस का इजाफा हुआ हैं। अब तापमान 18 डिग्री पार हो गया हैं। यही दो दिन पहले तक 17 डिग्री सेल्सियस तक रहा हैं। हालांकि, ठंडी हवाएं चलने से तापमान में बढ़ोतरी का असर सामान्य रहा हैं। जिला कृषि मौसम इकाई के मौसम एवं कृषि विशेषज्ञ डॉ. सौरव गुप्ता के अनुसार वैश्विक गर्माहट के कारण हर माह बारिश हो रही है। इसका मुख्य कारण कार्बन डाई ऑक्साइड का स्तर लगातार बढ़ना है। खाड़ी क्षेत्रों में युद्ध की स्थिति भी बनी है।

## लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का भूमि पूजन, 29 मार्च से 2 अप्रैल तक भक्त आहुतियां देंग

**दैनिक इंदौर संकेत**



**बड़वाह ●** आदर्श नगर स्थित अम्बिकेश्वर महादेव मंदिर में क्षेत्र की सुख-शांति और भाईचारे की कामना के साथ पांच दिवसीय लक्ष्मीनारायण पंच कुण्डीय महायज्ञ किया जा रहा है। यह धार्मिक अनुष्ठान 29 मार्च से शुरू होकर 2 अप्रैल को हनुमान जयंती के दिन पूरा होगा। बुधवार को यज्ञशाला परिसर में विधि-विधान से भूमि पूजन और झंडा वंदन कर आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी गईं। पंडित द्वारकाप्रसाद शर्मा ने बताया कि इस आयोजन का यह 22वां साल है। कार्यक्रम की शुरुआत 29 मार्च को सुबह 10 बजे ऋण मुक्तेश्वर महादेव मंदिर से निकलने वाली कलश यात्रा के साथ होगी। यात्रा के यज्ञ स्थल पहुंचने पर मंडप पूजन और महाआरती की जाएगी। उसी दिन शाम 4 बजे अग्नि मंथन कर पवित्र अग्नि जलाई जाएगी और यज्ञ की शुरुआत होगी।

### हनुमान जयंती पर होगी पूर्णाहुति और भंडारा

पांच दिनों तक चलने वाले इस महायज्ञ में अलग-अलग दिन श्री गणेश यज्ञ और भगवान लक्ष्मीनारायण की विशेष आहुतियां दी जाएंगी। समापन 2 अप्रैल को हनुमान जयंती के मौके पर होगा, जिसमें दोपहर 12 बजे हवन की पूर्णाहुति के बाद विशाल भंडारा किया जाएगा। यह पूरा अनुष्ठान आचार्य आशीष बिल्लोरे के सानिध्य में पूरा होगा।

### समाज की खुशहाली के लिए कार्यक्रम

आयोजन समिति के सदस्यों और स्थानीय रहवासियों ने धर्म ध्वजा स्थापित कर कार्यक्रम की सफलता की प्रार्थना की। समिति ने क्षेत्र के सभी लोगों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस धार्मिक आयोजन का लाभ उठाएं।

## किसान संघ ने प्रशासन के साथ गेहूं-चना उपार्जन की तैयारी को लेकर बैठक में दिए सुझाव

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा ●** भारतीय किसान संघ की जिला प्रशासन के साथ बुधवार को जिला पंचायत सभागार में एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में आगामी 1 अप्रैल 2026 से शुरू होने वाले गेहूं एवं चना उपार्जन को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर केआर बडोले, सृष्टि देशमुख व डीडीए नितेश यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। किसान संघ के पदाधिकारियों ने उपार्जन प्रक्रिया में आने वाली संभावित समस्याओं और उनके समाधान को लेकर प्रशासन के सामने अपने सुझाव रखे। संघ ने बताया कि इस वर्ष गेहूं और चने की फसल उच्च गुणवत्ता की हुई है, इसलिए किसानों को 'मिट्टी कुसी' जैसे कारण बताकर अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। साथ ही सभी उपार्जन केंद्रों पर बिजली, पानी और छांव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई। किसानों ने यह भी सुझाव दिया कि बड़े प्लेट कांटों पर ट्रॉलियों से सीधे उपज की तौल की व्यवस्था की जाए, ताकि प्रक्रिया सरल और पारदर्शी बन सके। बैठक में एक अहम मुद्दा ऋण वसूली की तिथि को लेकर भी उठा।



किसान संघ ने शासन को अवगत कराया कि जब खरीदी 1 अप्रैल से शुरू हो रही है, तो 28 मार्च को ऋण वसूली की तिथि रखना किसानों के लिए परेशानी का कारण है।

संघ ने ज्ञापन सौंपकर मांग की कि बैंकों द्वारा ऋण वसूली की अंतिम तिथि 31 मई 2026 तक बढ़ाई जाए। डीडीए नितेश यादव ने आगामी सीजन में रासायनिक उर्वरकों की उपलब्धता को लेकर टोकन प्रणाली पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने प्रोजेक्टर के माध्यम से किसानों को खाद बुकिंग की प्रक्रिया भी समझाई।

बैठक में भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष राधेश्याम चाचरिया, जिला मंत्री सुभाष पटेल, अभिषेक गंगराड़े सहित संदीपसिंह सोलंकी, रामेश्वर कुशवाहा, दिनेश महाजन, शैलेंद्र सिंह, गुलाब, सेवकराम, ताराचंद, हरसिंह डोडे और राकेशसिंह समेत कई किसान उपस्थित रहे।

## टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षक कांग्रेस का प्रदर्शन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा ●** शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अनिवार्य किए जाने के विरोध में प्रदेशभर के शिक्षकों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में प्रांतीय आह्वान पर मध्यप्रदेश शिक्षक कांग्रेस की जिला शाखा खंडवा ने मंगलवार को जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में सिटी मजिस्ट्रेट बजरंग बहादुर सिंह को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शिक्षकों ने बताया कि भोपाल लोक शिक्षण संचालनालय के आदेश के तहत प्रदेश में लंबे समय से कार्यरत शिक्षकों पर भी टीईटी की अनिवार्यता लागू की जा रही है। ऐसे कई शिक्षक हैं जिनकी सेवा अवधि 25 से 30 वर्ष तक हो चुकी है और कुछ सेवानिवृत्ति के करीब हैं। इस स्थिति में परीक्षा अनिवार्य किए जाने से बड़ी संख्या में शिक्षक प्रभावित होंगे। शिक्षक कांग्रेस ने तर्क दिया कि टीईटी का मुख्य उद्देश्य नई नियुक्तियों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक गुणवत्ता सुनिश्चित करना है, न कि वर्षों से सेवाएं दे रहे शिक्षकों को सेवा से वंचित करना। सेवा के अंतिम चरण में इस तरह की अनिवार्यता को प्राकृतिक न्याय और सेवा सुरक्षा के सिद्धांतों के विपरीत बताया गया है।

# मेदांता ग्रुप के एमडी कार्डियक सर्जन डॉ. नरेश त्रेहान इंदौर में गैर-इरादतन हत्या के केस से बाल-बाल बचे

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** • विश्वप्रसिद्ध कार्डियोवस्कुलर और कार्डियोथोरेसिक (कार्डियक सर्जन) डॉ. नरेश त्रेहान इंदौर में बाल-बाल बच गए। वह देशभर में मेदांता सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का संचालन करने वाली ग्लोबल हेल्थ प्रा. लि. कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर हैं। इंदौर में एक महिला की मौत के मामले में जिला कोर्ट ने उन पर गैर-इरादतन हत्या (आईपीसी धारा 304) के तहत केस दर्ज करने का आदेश दे दिया था। आखिर में 78 वर्षीय डॉ. त्रेहान ने जिला कोर्ट में पुनरीक्षण याचिका दायर की और वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा को उतारा, जिसके बाद उन्हें राहत मिली है।

**यह था मामला**-इंदौर के गिरीश मंगवानी की पत्नी एकता मंगवानी 23 जून 2022 को मेदांता अस्पताल, इंदौर में उपचार के लिए भर्ती हुई थीं। शाम सात बजे आईसीयू में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया था। इस पर पति ने आरोप लगाए और शिकायत की थी कि डॉक्टर पीयूष कानपुरी, डॉ. ज्योत वाधवानी, डॉ. निवेदिता बाली व अन्य ने इलाज में लापरवाही की। इसमें सीएमएचओ ने जांच की और रिपोर्ट में भी आया कि संचालक, डॉक्टर और प्रबंधन की लापरवाही है। इसके बाद एमजीएम मेडिकल कॉलेज के सीईओ व डीन डॉ. लोकेंद्र रैकवाल, डॉ. अभिषेक राठौर व डॉ. एडी भटनागर की संयुक्त जांच समिति बनाई गई। इसकी 25 अगस्त 2023 की जांच रिपोर्ट में भी उपचार में देरी होना पाया गया। पुलिस में शिकायत की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।



**जिला कोर्ट ने दिए थे केस दर्ज करने के आदेश**-इसके बाद मंगवानी ने जिला कोर्ट में परिवाद दायर किया। इसमें विजयनगर थाने से रिपोर्ट बुलाई गई। जून 2025 में डॉ. पीयूष कानपुरी और मेदांता अस्पताल के प्रबंधन की लापरवाही की बात कही गई। इसके बाद एक दिसंबर 2025 को जिला कोर्ट की न्यायिक मजिस्ट्रेट निर्मला वास्कले ने डॉ. नरेश त्रेहान के साथ ही उपचार करने वाले डॉक्टरों के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या की धारा 304 व 34 के तहत केस दर्ज करने के आदेश दे दिए।

### डॉ. त्रेहान ने जिला कोर्ट में रखे यह तर्क

मेदांता ग्रुप के एमडी डॉ. त्रेहान की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा और अधिवक्ता मनु माहेश्वरी ने पुनरीक्षण याचिका दाखिल की। इसमें तर्क दिए गए कि डॉ. त्रेहान कंपनी के एमडी हैं, जो देशभर में कई अस्पतालों का संचालन कर रही है। उनका दैनिक कार्यों से कोई वास्ता नहीं होता है। उन्होंने खुद महिला का उपचार नहीं किया और जो उपचार हुआ वह भी सही था। जब यह घटना हुई, तब वह देश में भी नहीं थे और न ही किसी जांच रिपोर्ट में उनका नाम आया है, बल्कि उन्हें प्रताड़ित करने और धन वसूली के लिए उनका नाम जोड़ा गया है। साथ ही कहा गया कि वह कार्डियोथोरेसिक और कार्डियोवस्कुलर सर्जन के तौर पर 48 हजार से ज्यादा सर्जरी कर चुके हैं। साथ ही, वर्ष 1991 में पद्मश्री तथा वर्ष 2001 में पद्म भूषण सहित कई अवार्ड्स से सम्मानित हैं।

**जिला कोर्ट का नया आदेश**-सभी तर्क सुनने के बाद तेरहवें अपर सत्र न्यायाधीश अयाज मोहम्मद ने न्यायाधीश निर्मला वास्कले के एक दिसंबर 2025 के आदेश को निरस्त कर दिया। आदेश में कहा गया कि यह सिविल केस हो सकता है, आपराधिक नहीं। इसकी पुलिस जांच की जरूरत नहीं है। साथ ही उन्होंने कहा कि न्यायाधीश का पिछला आदेश वैध और तर्कसंगत नहीं है। इससे देश की चिकित्सा ख्याति प्रभावित होगी। कोर्ट द्वारा ऐसी धारा में केस दर्ज करने का आदेश देना, जिसमें आजीवन कारावास का दंड है, उचित नहीं है। जिला कोर्ट में परिवादी मंगवानी की ओर से लगी याचिका पर पूर्व में जो एफआईआर का आदेश हुआ था, उसमें भी कई अहम बातें थीं। तब केस में मंगवानी की ओर से अधिवक्ता चंचल गुप्ता ने मजबूत तर्क रखे थे। इसमें कहा गया था कि परिवादी ने डॉक्टर से आकस्मिक निधन पर पोस्टमार्टम कराने की बात कही थी, लेकिन डॉक्टर ने लंबी कानूनी प्रक्रिया का हवाला देकर इसे टाल दिया।

## न्यूज़ ब्रीफ

### संभागायुक्त ने पशुपालन विभाग के उप संचालक को किया निलंबित

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • संभागीय समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री पशुधन योजना के घटक डॉ. भीमराव आंबेडकर कामधेनु योजना के क्रियान्वयन में गंभीर लापरवाही सामने आने पर संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने बड़वानी जिले के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उप संचालक लक्ष्मण सिंह बघेल को निलंबित कर दिया है। इस संबंध में जारी आदेशानुसार डॉ. भीमराव आंबेडकर कामधेनु योजना के अंतर्गत 24 मार्च 2026 की स्थिति में जिला बड़वानी को वित्तीय वर्ष में 10 प्रकरणों का लक्ष्य दिया गया था, किन्तु समीक्षा के दौरान पाया गया कि बड़वानी जिले में पोर्टल पर बैंक द्वारा कोई भी प्रकरण स्वीकृत एवं वितरण नहीं किया गया है। शासन की प्राथमिकता वाली योजना में शासन स्तर से सतत मॉनिटरिंग एवं निर्देश दिए जाने के उपरांत भी लक्ष्मण सिंह बघेल द्वारा कोई रूचि नहीं लेकर अपने कर्तव्य निर्वहन में त्रुटि करते हुए अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही एवं उदासीनता बरती गई है।

### संभागायुक्त की अध्यक्षता में कलेक्टर्स कान्फ्रेंस सम्पन्न

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में आज संभागायुक्त कार्यालय में कलेक्टर्स कान्फ्रेंस आयोजित की गई। कान्फ्रेंस में संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स, जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, संयुक्त आयुक्त विकास डी.एस. रणदा, उपायुक्त राजस्व श्रीमती सपना लोवंशी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सभी कलेक्टर्स ने कृषि कल्याण वर्ष कार्ययोजना के तहत किये जा रहे कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। बैठक में संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने कलेक्टर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि यह वर्ष कृषि कल्याण वर्ष है, अतः शासन द्वारा विभागीय रूप से निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति के लिये कार्य समयसीमा और गुणवत्ता के साथ सम्पन्न करें।

### भाजपा नगर अध्यक्ष मिश्रा ने प्रियंका गांधी को भेजा पत्र

# शहर कांग्रेस कार्यकारिणी में महिलाओं की अनदेखी पर उठाए सवाल

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** • इंदौर में भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा को पत्र लिखते हुए शहर कांग्रेस कार्यकारिणी में महिलाओं की उपेक्षा का विषय राष्ट्रीय स्तर पर उठाया है। मिश्रा ने यह पत्र ट्विटर पर सार्वजनिक करते हुए कहा कि कांग्रेस की इंदौर इकाई में 20 से अधिक महिला नेताओं की अनदेखी की गई है। पत्र में मिश्रा ने देवी अहिल्या का उदाहरण देते हुए लिखा कि इंदौर की कई सक्षम महिला नेता कांग्रेस का नेतृत्व कर सकती हैं, लेकिन उन्हें पदाधिकारी बनने का अवसर नहीं दिया गया। मिश्रा ने यह भी आरोप लगाया कि शहर कांग्रेस अध्यक्ष और नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष का पद वर्तमान में एक ही व्यक्ति के पास है, जिससे महिलाओं को आगे बढ़ने का मौका नहीं मिल रहा है।





**महिला सशक्तिकरण के नारे पर सवाल**-मिश्रा ने प्रियंका गांधी के 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' नारे का हवाला देते हुए लिखा कि पार्टी में महिला शक्ति को दरकिनार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष ने महिला नेताओं को कार्यकारिणी से बाहर कर दिया है, जो कांग्रेस के महिला सशक्तिकरण के दावे पर सवाल खड़ा करता है।

**कांग्रेस नेतृत्व से मांग**-सुमित मिश्रा ने अपने पत्र में आग्रह किया है कि प्रियंका गांधी कांग्रेस में महिलाओं के सम्मान को सुनिश्चित करें और प्रदेश अध्यक्ष को निर्देश दें कि वे शहर अध्यक्ष या नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष में से किसी एक पद पर महिला नेता की नियुक्ति करें। मिश्रा ने सुझाव दिया कि यदि पार्टी चाहे तो पार्षद विनीतिका यादव को इन पदों में से किसी एक पर नियुक्त करके महिला उपेक्षा के आरोप से बचा जा सकता है। इस मुद्दे को उठाकर भाजपा ने कांग्रेस के महिला प्रतिनिधित्व के दावों पर सवाल खड़े किए हैं। पत्र के माध्यम से मिश्रा ने पार्टी नेतृत्व पर दबाव बनाने का प्रयास किया है कि वे इंदौर में महिलाओं को संगठन में उचित स्थान दें।

# प्रदेश ग्रामीण बैंक के 14 अधिकारियों की जमानत इंदौर सीबीआई कोर्ट से खारिज

### सॉल्वर को बैठाकर किया था फर्जीवाड़ा

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** • ग्रामीण बैंक में ऑफिस असिस्टेंट, ऑफिसर स्केल वन व अन्य पदों के लिए आईबीपीएस द्वारा भर्ती परीक्षा ली गई थी। यह परीक्षा साल 2020-22 के दौरान हुई थी। अब इस परीक्षा में चयनित 19 बैंक अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया गया है। सीबीआई ने इसमें से 14 संदिग्ध उम्मीदवारों को गिरफ्तार किया है। आरोप है, कि इन्होंने अपनी जगह सॉल्वर को बैठाकर यह परीक्षा पास की थी। इनकी नौकरी के चार साल बाद यह फर्जीवाड़ा उजागर हुआ है। अब सभी जेल में हैं। सीबीआई इंदौर कोर्ट ने इनकी जमानत याचिका खारिज कर दी है।



**सीबीआई ने दिसंबर में की थी एफआईआर**-सीबीआई ने इस मामले में शिकायतों के बाद 31 दिसंबर 2025 में केस दर्ज किया था। इसमें दो आरोपी बिहार के और बाकी राजस्थान के है। इन सभी पर पहले 120बी, 419, 420 की धारा के केस हुआ। इसमें सात साल तक की सजा थी। इसलिए पहले गिरफ्तारी नहीं की। लेकिन 6 फरवरी 2026 को इनके बायोमेट्रिक डाटा जांचे गए और यह सभी फर्जी पाए गए। यह साबित हुआ कि इनकी जगह सॉल्वर परीक्षा में बैठे थे। इसके बाद इसमें आईपीसी धारा 467, 468, 471 की धारा में भी केस हुआ। इसके बाद आरोपियों को 23 फरवरी को गिरफ्तार किया गया।

**यह सभी आरोपी है**-इसमें सीबीआई ने मुनेश मीणा, भावनी सिंह मीणा, रवि मीणा, शिवकेश मीणा, आशीष मीणा, कुमार निखिल, विजय सिंह, जितेंद्र सिंह लाल, सुरेशचंद्र सेनी, विमलेश मीणा, रूपलाल मीणा को आरोपी बनाया। साथ ही अज्ञात लोकसेवक को भी आरोपी बनाया। लेकिन इसमें अभी तक लोकसेवक की पहचान नहीं हुई है।

# मुंबई के होटल में बुकिंग की फर्जी वेबसाइट

## नोबेटल होटल के नाम पर हो गई 1.44 लाख की ठगी

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** • मुंबई के होटल के नाम पर अब फर्जी वेबसाइट संचालित हो रही है। इसमें बुकिंग के लिए गलत मोबाइल नंबर दिए जा रहे हैं। ऐसा मामला इंदौर के एक व्यक्ति के साथ हुआ है। उससे बुकिंग के नाम पर 1.44 लाख की ठगी की गई है। मामला भी प्रसिद्ध नोबेटल मुंबई इंटरनेशनल होटल का है।

**यह की गई शिकायत**-डीबी सिटी इंदौर निवासी अंकित मूंदड़ा ने लसूडिया पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें बताया गया कि वह 14 मई 2025 को अपने परिवार के साथ मुंबई घूमने जा रहा था। इसके लिए नोबेटल मुंबई इंटरनेशनल होटल सर्च किया और इसमें रूम बुक कराने के लिए मोबाइल नंबर पर कॉल किया। इसमें पांच दिन के लिए रूम बुक किया और बुकिंग अमाउंट मोबाइल धारक द्वारा बताए गए खाते में जमा करा दिए। लेकिन जब वह मुंबई पहुंचा तो पता चला कि बुकिंग नहीं हुई है और ना ही वह मोबाइल नंबर होटल का था। इस प्रकार अंकित ने बताया कि मेरे साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी की गई है।





**इस धारा में हुआ केस दर्ज**-अंकित मूंदड़ा की शिकायत पर लसूडिया पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति और मोबाइल नंबर धारक के खिलाफ केस किया है। यह केस बीएनएस की धारा 318(4) के तहत दर्ज किया गया है। इंदौर से हर दिन सैंकड़ों लोग मुंबई जाते हैं और होटल में बुकिंग करते हैं। ऐसे में ऑनलाइन बुकिंग करने वालों के लिए यह घटना अलर्ट करने वाली है।

### सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट से सराफा बाजार फिर हुए गुलजार, सोने की डिमांड अधिक

# 20 दिन में 23 हजार रुपए टूटा सोना

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** • अंतर्राष्ट्रीय हालात, खासकर ईरान-इजराइल तनाव के बीच जहां ईंधन और रोजगार की वस्तुओं की कीमतों में अस्थिरता बनी हुई पीपुल्स समाचार है, वहीं सराफा बाजार के लिए राहत भरी खबर है। सोने-चांदी के दामों में हालिया गिरावट से बाजार में फिर से रौनक लौट आई है। पिछले कुछ महीनों में सोने-चांदी की कीमतों में आई तेज बढ़ोतरी के कारण ग्राहकों की खरीदारी लगभग ठप हो गई थी। महंगाई के चलते जहां ग्राहकों ने खरीदारी टाल दी थी, वहीं कारोबारियों को भी मंदी का सामना करना पड़ रहा था।

व्यापारियों के मुताबिक, करीब 20 दिनों में सोने में 23,000 और चांदी में करीब 64,000 रुपए तक की गिरावट हुई। अप्रैल-मई होने वाली शादियों को देखते हुए पहले से इंतजार कर रहे ग्राहक अब तेजी से बुकिंग करा रहे हैं।



**सीजन अब शुरू हुआ**- व्यापारियों के मुताबिक पिछले दो-तीन दिनों में शादी से जुड़े आभूषणों के मिले हैं। असली सीजन अब शुरू होता दिखाई दे रहा है और आगे कारोबार और बढ़ने की उम्मीद है।

**10 ग्राम पर सीधा 23 हजार का फायदा**-सराफा व्यापारी अनिल रांका के मुताबिक चांदी से ज्यादा सोने में डिमांड है। भाव टूटने से ग्राहकों को 10 ग्राम पर सीधे तौर पर 23 हजार का फायदा हो रहा है। 2 मार्च को सोने का भाव 1,72,000 रुपए जो अब 1,49,000 रुपए हो गया है। अगर कोई 50 ग्राम सोना खरीद रहा है तो उसे करीब 1.15 लाख की बचत हो रही है। इस बचत में वह एक ज्वेलरी और खरीद सकता है।

### यह रहे सोने के भाव

(भाव प्रति दस ग्राम)
2 मार्च-1,72,000
5 मार्च-1,63,000
10 मार्च-1,62,400
15 मार्च-1,58,000
20 मार्च-1,50,000
24 मार्च-1,40,000
(सोर्स : इंदौर सराफा बाजार)

# पीसीसी दफ्तर में टैलेंट हंट के प्रतिभागियों के हुए साक्षात्कार

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**भोपाल** • प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में बुधवार को नेशनल टैलेंट हंट के तहत प्रतिभागियों का सफलतापूर्वक साक्षात्कार किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए साक्षात्कार प्रक्रिया में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतिभा खोज अभियान के अंतर्गत प्रतिभागियों का साक्षात्कार राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल यादव और वरिष्ठ साहित्यकार विजय बहादुर सिंह द्वारा लिया गया। चयनकर्ताओं ने प्रतिभागियों के उत्साह, आत्मविश्वास एवं ज्ञान की सराहना करते हुए इसे संगठन को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सकारात्मक पहल बताया। कार्यक्रम का संचालन मीडिया विभाग अध्यक्ष मुकेश नायक, टैलेंट हंट समन्वय समिति के सदस्य एवं विधायक आरिफ मसूद, मप्र कांग्रेस के प्रशिक्षण प्रभारी महेंद्र जोशी और कार्यक्रम समन्वयक अपूर्व भारद्वाज ने किया। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में गुरुवार को सागर संभाग के प्रतिभागियों के साक्षात्कार होंगे।





### महिला और पिछड़ा वर्ग मोर्चा की बैठक सम्पन्न

# भाजपा का संगठन विस्तार पर जोर सभी वर्गों तक पहुंचने पर मंथन

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**भोपाल** • भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में महिला मोर्चा और पिछड़ा वर्ग मोर्चा की परिचयात्मक बैठकों को संबोधित किया। महिला मोर्चा की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे, मोर्चा प्रभारी मनोरंजन मिश्रा सहित प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहीं। इस दौरान खण्डेलवाल ने महिला कार्यकर्ताओं की संगठन में भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्हें जमीनी स्तर पर सक्रिय रहने का आह्वान किया। वहीं, पिछड़ा वर्ग मोर्चा की बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बरूआ, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार और प्रभारी मनोरंजन मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। खण्डेलवाल ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए सभी मोर्चों की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समाज के सभी वर्गों तक पहुंच बनाकर सरकार की योजनाओं और नीतियों को प्रभावी ढंग से पहुंचाने का आग्रह किया। बैठकों में संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों और जनसंपर्क अभियान को लेकर भी चर्चा की गई।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : अक्षय तिवारी द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरुद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।